आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 170- ● जबलपुर ● बुधवार, 21 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

Happy Eid al-Adha

सदा हंसते रहो जैसे हंसते हैं फूल, दुनिया के सारे गम तुम जाओ भूल, चारों तरफ फैलाओ खुशियों के गीत, इसी उम्मीद के साथ तुम्हें मुबारक हो बकरीद।

कोरोना वायरस ज्यादा आक्रामक तो उसका अंत भी नजदीक

संक्रमण का गणित

वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को दावा, अन्य महामारी से कोविड का प्रसार धीमा

नई दिल्ली। डेल्टा वैरिएंट ने भारत में कहर बरपाने के बाद अमेरिका व यूरोप के साथ दक्षिण एशियाई देशों को चपेट में ले लिया है। विशेषज्ञों का है कहना है कि वायरस जितना आक्रामक होगा, इसका अंत उतना ही जल्द होगा। वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर विजयनाथ मिश्रा बताते हैं कि वायरस का आर-नॉट भारत में अभी तक एक से दो के बीच है। वे बताते हैं कि आर-नॉट कम होने का मतलब है कम से कम लोग संक्रमित होंगे और वायरस का अंत उतना ही नजदीक होगा। बीएचयू के इम्यूनोलॉजिस्ट प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के मुताबिक, कोरोना की पहली लहर के दौरान वायरस का आर-नॉट 1.24 था। दूसरी लहर में डेल्टा का आर-नॉट 1.7 से 1.8 है।

महामारी का अंत आखिर क्यों और कैसे?

प्रोफेसर मिश्रा बताते हैं कि कोरोना के घातक रूप से किसी व्यक्ति की मौत होगी, तो वायरस



फैल नहीं पाएगा। इसका असर आर-नॉट के गिरते ग्राफ के रूप में दिखेगा। जानलेवा होने के साथ उसकी प्रसार क्षमता स्वतः घट जाएगी। प्रोफेसर चौबे कहते हैं कि अन्य महामारी की तुलना में कोरोना का प्रसार धीमा है। इसे मात देने वालों की संख्या अधिक है। यानी अन्य महामारियों से कोरोना कम ताकतवर है। लोग इसे आसानी से मात दे रहे हैं।

क्या है आर-नॉट?

आर-नॉट वायरस की सामान्य प्रजनन दार होती है। इसके जरिए संक्रमित व्यक्ति से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या का पता लगाया जाता है। आर-नॉट से संक्रमण की गति और उसकी गंभीरता का पता लगाया जाता है। आर-नॉट का प्रयोग पहली बार वैज्ञानिकों ने 1952 में मलेरिया की तह तक जाने के लिए किया था।

कोरोना वायरस इसलिए कमजोर

ब्रिटेन के इंपीरियल कॉलेज लंदन के अनुसार, खसरा महामारी का आर-नॉट 18 जबकि ममप्स का 12 था। चीन के वुहान में मिले वायरस का आर-नॉट 2.4 से 2.6 के बीच था। वायरस के जिस रूप से यूरोपीय देशों में महामारी की पहली लहर आई। उसका आर-नॉट 3 था। अल्फा वायरस का आर-नॉट 4 से 5, डेल्टा 5 से 8 है। स्पष्ट है कि खसरा और ममप्स की तुलना में कोरोना का आर-नॉट काफी कम है।

क्विक अपडेट

जम्मू के सतवारी में फिर दिखा ड्रोन, इलाके में मचा हड़कंप

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी संगठन अब जम्मू संभाग को निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। इसके लिए सीमा पार से ड्रोन का सहारा लिया जा रहा है। जम्मू में एक बार फिर से ड्रोन दिखाई दिया है। एक बार फिर से जम्मू के सतवारी इलाके में संदिग्ध ड्रोन देखा गया है। वहीं अभी इलाके में तलाशी अभियान जारी कर दिया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत नाजुक

लखनऊ। नलखनऊ के संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह (89) की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। एसजीपीजीआई द्वारा बुधवार सुबह जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, कल्याण सिंह की स्वास्थ्य स्थिति नाजुक है। उन्हें मंगलवार की शाम से जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है।

देश में बर्ड फ्लू से पहली मौत, एम्स में मचा हड़कंप

नई दिल्ली। देश में एवियन फ्लू यानी बर्ड फ्लू से पहली मौत होने का मामला सामने आया है। दिल्ली एम्स में भर्ती 11 वर्षीय एक बच्चे ने संक्रमण के चलते दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत एक दिन पहले हो चुकी है लेकिन मंगलवार को संक्रमण की रिपोर्ट मिलने के बाद देश के दो अलग-अलग वैज्ञानिक दलों को सक्रिय कर दिया है। वहीं सरकार ने हाई अलर्ट भी जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बच्चा बीते दो जुलाई को एम्स के डी-5 वार्ड में भर्ती हुआ था। यहां हालत बिगड़ने पर उसे पहले आईसीयू और फिर वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन बीते सोमवार को उसकी मौत हो गई। जांच रिपोर्ट मंगलवार दोपहर को आई तो एम्स में हड़कंप मच गया। आनन-फानन इलाज करने वाली पूरी टीम को आइसोलेट कर दिया गया। वहीं बच्चे के सैंपल की जांच पुणे स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वॉयरोलॉजी (एनआईवी) और नई दिल्ली स्थित नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने की और उसे पॉजिटिव बताया।

भारत में 5 की तीव्रता का भूकंप

उत्तर से दक्षिण तक हिली धरती

नई दिल्ली । बुधवार को देश में तीन जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। सबसे पहले मेघालय में भूकंप के झटके आए और इसके कुछ घंटों बाद लेह लद्दाख और फिर थोड़े समय के बाद राजस्थान के बीकानेर में भूकंप के झटके महसूस किए गए।सबसे पहले मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.1 रही। झटके रात करीब 2.10 पर महसूस हुए। इसकी पुष्टि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने की है। भूकंप से जान-माल और किसी अन्य तरह के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। लेह-लद्दाख में आज सुबह 4-57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई।

बीकानेर में कंपन

इसके बाद सुबह 5.24 पर राजस्थान के बीकानेर में भूकंप के झटके आए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 रही।। हालांकि इससे जानमाल का किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।

तेज गति से धरती की ओर बढ़ रह एस्टेरोइड

24 जुलाई धरती के लिए खतरनाक

नई दिल्ली। कोरोना संकट, चक्रवाती तूफान, बाढ़ और भूकंप हर तरह से तबाही ही तबाही मची है। इस बीच, अब स्टेडियम जितना विशाल एस्टेरोइड बहुत तेज गति से धरती की ओर बढ़ रह है, जो 24 जुलाई को धरती से टकरा जाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने इस बेहद खतरनाक बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह विशाल एस्टेरोइड आठ किलोमीटर प्रति सेकंड यानी कि करीब 28,800 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की ओर आ रहा है। इसकी धरती को ओर बढ़ने की यह गति इतनी अधिक है कि अगर कोई ग्रह या वस्तु किसी एस्टेरोइड से टकराती है, तो वह तबाह हो जाएगी। नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट (एनईओ) 20 मीटर चौड़ा है और 28,70,847,607 किमी की दूरी से दिखाई देगा, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की कुल दूरी का आठ गुना है। एनईओ 24 जुलाई की रात अपोलो नाम की कक्षा से गुजरेगा। हालांकि, इसके पृथ्वी से टकराने

की कोई संभावना नहीं है। फिर भी वैज्ञानिकों ने इसे संभावित खतरनाक एस्टेरोइड की श्रेणी में रखा है। इसलिए नासा के वैज्ञानिक लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी एस्टेरोइड पृथ्वी की कक्षा से गुजरा था, जो एफिल टावर के आकार के बराबर था। 100 वर्षों में 22 एस्टेरोइड बन सकते हैं पृथ्वी के लिए खतराएस्टेरोइड आम तौर पर बृहस्पति ग्रह की कक्षा में पाए जाते हैं। कुछ एस्टेरोइड दूसरे ग्रहों की कक्षा में भी घूमते पाए गए हैं और इसी ग्रह के साथ-साथ सूरज की भी परिक्रमा करते रहते हैं।वैज्ञानिकों के पास अब तक लगभग दस लाख एस्टेरोइड की जानकारी है। इनमें से 22 अगले सौ वर्षों में पृथ्वी के लिए खतरा भी बन सकते हैं। नैनीताल स्थित आर्य भट्ट शोध एवं प्रेक्षण विज्ञान संस्थान के अंतरिक्ष विज्ञानी डॉ. शशि भूषण पांडे ने बताया कि लगभग 4.5 अरब साल पहले जब हमारी सौर प्रणाली विकसित हो रही थी, तब गैस और धूल के कुछ ऐसे बादल जो ग्रह के रूप में विकसित नहीं हुए, बाद में एस्टेरोइड बन गए।

चोरी का आरोप लगने के बाद एक ही परिवार के छह लोगों ने खाया जहर

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में चोरी का आरोप लगने के बाद एक ही परिवार के छह सदस्यों ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। धमतरी जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के भखारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुगदेही गांव निवासी दिलीप यादव (48), दिलीप की पत्नी कलिन्द्री बाई (45), पुत्री उर्वशी यादव (23), तामेश्वरी (21), पुत्र सुनील (18) और राजेश यादव (16) ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि सोमवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ जहर खा लिया। जब घटना की जानकारी पड़ोसियों को हुई तब उन्होंने सभी को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया।

जिला अस्पताल में सात बच्चों की मौत से मचा हड़कंप

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जिला अस्पताल में उस वक्त हंगामा मच गया जब तीन नवजात की एक साथ मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना मंगलवार रात 8 बजे की है। परिजनों का आरोप था कि तबीयत बिगड़ने पर बच्चों को बिना ऑक्सीजन लगाए दूसरे अस्पताल में रेफर किया जा रहा था।अस्पताल में मौजूद एक मरीज के परिजन ने दावा किया है कि तीन नहीं 7 बच्चों की मौत हुई है। परिजन के मुताबिक, वह अपनी आंखों से एक के बाद एक सात बच्चों के शव ले जाते देखे हैं। एक परिजन घनश्याम सिन्हा ने आरोप लगाया कि उसके बच्चे की स्थिति बिगड़ने के बाद डॉक्टरों ने एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। बच्चे की स्थिति गंभीर थी। उसे ले जाने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की जरूरत थी, लेकिन नहीं दिया गया। वे लगातार अस्पताल प्रबंधन से सिलेंडर की मांग करते रहे, लेकिन उन्हें ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया नहीं कराया गया।

एक और धनकुबेर: नगर निगम अकाउंटेंट के तीन मकानों पर लोकायुक्त का छापा

मुरैना। लोकायुक्त की टीम ने आज सुबह मुरैना नगर निगम के अकाउंटेंट संतोष शर्मा के मुरैना, ग्वालियर स्थित तीन निवास स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। घर से भारी मात्रा में नगदी एवं संपत्ति के दस्तावेज भी टीम को मिले हैं। उधर जैसे ही यह खबर शहर में फैली नगर निगम के दफ्तर में खलबली मच गई। विशेष रूप से अकाउंट आफिसर से जुड़े लोग यह जानने में जुटे रहे कि लोकायुक्त की रेड में आखिर क्या मिला है। लोकायुक्त की टीम ने आज सुबह नगर निगम के

अकाउंट आफिसर संतोष शर्मा के बसंत विहार स्थित निवास पर पहुंचकर घंटी बजाई। आंख मलते हुए स्वजनों ने जब गेट खोला तो इतने लोगों को देख चकित रह गए। पहले तो रूखे लहजे में बात की, लेकिन जब पता चला कि सामने खड़े लोग लोकायुक्त के अफसर हैं तो अकाउंट आफिसर के होश उड़ गए। अकाउंटेंट के ग्वालियर में तारागंज स्थित निवास पर भी छापामारी की गई है। कुल तीन स्थानों पर टीम पहुंची है। वहीं एक टीम नगर निगम के रिकार्ड रूम व लेखा कार्यालय पर भी पहुंची है। ईद के अवकाश के कारण कार्यालय पर ताला लटका हुआ था। ऐसे में टीम फिलहाल चाबी आने का इंतजार कर रही है।

पंजाब कांग्रेस में घमासान के बीच सिद्धू का शक्ति प्रदर्शन आज

चंडीगढ़ । पंजाब कांग्रेस में मचे घमासान के बाद पार्टी के निवनियुक्त प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू आज अमृतसर में पहली बैठक बुलाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। पार्टी के आधे से ज्यादा विधायक इस बैठक में नजर आएंगे। इस दौरान टकसाली नेताओं की खामोशी खुलने का इंतजार रहेगा। कैप्टन के करीबी कहे जाने वाले राजकुमार वेरका भी सिद्धू के खेमे में आ गए हैं। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पार्टी के टकसाली नेताओं की नब्ज टटोल रहे हैं। पार्टी के पुराने दिग्गज नेता अभी कैप्टन के साथ हैं और सिद्धू की नियुक्ति पर खामोशी साधे हुए हैं। दिग्गज नेताओं से रणनीति के बाद ही कैप्टन का अगला कदम तय होगा। उधर, सिद्धू लगातार चौथे दिन मंगलवार को प्रदेश के कांग्रेसी मंत्रियों, विधायकों और सीनियर नेताओं के साथ मेल-मिलाप की प्रदेश के अधिकांश मंत्री और विधायक अब सिद्धू की नियुक्ति पर आलाकमान के फैसले को सही ठहरा रहे हैं।

मुन्नवर को देश छोड़ना चाहिए

लखनऊ । अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने मंगलवार को शायर मुनव्वर राणा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनके जैसे लोगों को प्रदेश ही नहीं देश छोड़कर जाना होगा। वैसे लोग एनकाउंटर में मारे जाएंगे जो भारतीयों के खिलाफ खड़े होंगे। राज्यमंत्री आनंद स्वरूप ने बलिया में मीडिया से बात करते हुए मुनव्वर राणा को लेकर यह बयान दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुन्नवर राणा उन लोगों में से हैं, जो 1947 के बंटवारे के बाद भारत में रुक गए थे और देश को अंदर से तोड़ने की साजिश रचने वालों में शामिल हैं।

24 घंटे में मिले 42,123 नए केस, 4 हजार मौत

नई दिल्ली। तीसरी लहर की आशंका के बीच देश में एक बार फिर दैनिक कोविड मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। देश में पिछले 24 घंटे में 42,123 नए कोरोना मरीज मिले हैं और 3998 लोगों की मौत हो गई। देश में बीते दिन हुई मौतें पिछले 39 दिनों में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले 11 जून को 3996 लोगों की मौत हुई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में संक्रमण के 42,015 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,12,16,337 हो गई।

पुरानी मौतें जोड़ने से आंकड़े बढ़े

भारत में एक दिन में कोविड-19 से मौत के 3,998 मामले सामने आने के बाद देश में इस महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 4,18,480 हो गई। महाराष्ट्र के 14वीं बार संक्रमण के आंकड़ों का मिलान करने के कारण एक दिन में मौत के इतने मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में बीते दिन कोरोना के 147 मरीजों की ही मौत हुई, जबकि 3509 पुरानी मौतों को अपडेट किया गया। इससे पहले 9 जून को बिहार में भी पुरानी मौतों को अपडेट किया गया था। उस दिन देश में हुई मौतों का आंकड़ा 6,139 तक पहुंच गया था।

कश्मीर में बाहर के राज्यों में शादी पर पति भी होंगे डोमिसाइल के हकदार

श्रीनगर। उपराज्यपाल प्रशासन ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर डोमिसाइल प्रमाणपत्र धारक से शादी करने वाली महिला अथवा पुरुष को डोमिसाइल का पात्र मान लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने नए नियम की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत प्रदेश में डोमिसाइल प्रमाणपत्र धारक से शादी करने पर दूसरे राज्य की महिला या पुरुष भी अब डोमिसाइल प्रमाणपत्र हासिल कर सरकारी नौकरी के पात्र होंगे। इससे पूर्व की व्यवस्था में केवल 15 वर्ष तक जम्मू-कश्मीर में रहने, निर्धारित अवधि तक प्रदेश में सेवाएं देने और विद्यार्थियों के लिए निर्धारित नियमों के तहत ही डोमिसाइल प्रमाणपत्र का प्रावधान था।

भाजपा को हैक करने कांग्रेस का पेगासस साफ्टवेयर

नई दिल्ली। पेगासस जासूसी कांड को लेकर केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस बुधवार को देशभर के हर प्रदेश में मोर्चा खोलेगी। कांग्रेस इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग को लेकर हर प्रदेश में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी और बृहस्पतिवार को पार्टी की प्रदेश इकाई राजभवन के बाहर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, पेगासस रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का टेलीफोन भी हैक किया गया। यही नहीं, 2019 के आम चुनाव में भी मोदी सरकार ने जासूसी कराई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल ने पेगासस जासूसी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की है। साथ ही सरकार से इस पर संसद में श्वेतपत्र जारी कर यह बताने की मांग की कि इसमें इस्राइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल हुआ या नहीं।



केंद्र सरकार ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को मोर्चे पर उतारा है। विपक्ष के चौतरफा घेराव और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग के बीच भाजपा शासित मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस की आलोचना की। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कांग्रेस को देश विरोधी मानसिकता वाला बताया तो मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज चौहान ने पूरे जासूसी मामले को लोकतंत्र को बदनाम करने की साजिश करार दिया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के साथ अन्य विपक्षी दल विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। ये भारत की छवि धूमिल करने के लिए पेगासस जासूसी मामले में देश विरोधी मानसिकता से काम कर रहे हैं। जिस एजेंसी ने इस मामले को उठाया है, उसके पास इस बात का कोई सुबूत नहीं है कांग्रेस बेवजह मुद्दे पर राजनीति चमका रही है।

बारिश के कारण दीवार गिरने से सात की मौत, मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल

सीतापुर। जिले में अलग-अलग जगहों पर हुए हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। जिले के थाना मानपुर इलाके में मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। बारिश की वजह से दीवार गिरने से घर के नीचे सो रहे एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। बारिश से 4 लोगों की हुई मौत के मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीएम ने जिला प्रशासन को पीड़ितों की हर संभव मदद के आदेश भी दिए हैं। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। मानपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर मजरा कल्यानपुर निवासी लल्ली देवी (50)पत्नी स्व. लल्लूराम, शैलेंद्र कुमार (10) पुत्र हरिशंकर, शिवा (8) पुत्र हरीश कुमार,महक (2) पुत्री नीरज, सुमन देवी (21) पत्नी, शिवानी (12) पुत्री हरीश कुमार मंगलवार की रात घर में सो रहे थे, इस बीचदीवार भरभरा कर सो रहे लोगों पर गिर गई।

टोलटैक्स बचाने जिंदगी दांव पर लगा रहे लोग

बरगी के पास नहर की सकरी रोड से निकल रहे वाहन

बरगी। सरकार लोगों को सड़क हादसों से बचाने के लिए करोड़ों खर्च करके फोर लेन सड़कों का निर्माण करा रही है जिससे समय और दुर्घटनायें दोनों को घटाया जाए परंतु लोग खुद अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे है ।

रीवा से लेकर लखनादौन तक फोर लाइन रोड का निर्माण किया परंतु वाहन चालक टोल का पैसा बचाने के चक्कर में नहर के ऊपर बनी रोड से निकल रहे है जिसमे छोटी गाड़ियों से लेकर बड़े -बड़े ट्रक डम्फर बस भी इस रास्ते से निकल रहे है यह रास्ता बेसे ही इतना खराब होता है कि वाहन बहुत मुश्किल से निकल पाते है और बड़े ओवरलोड वाहनों ने इसे और खराब कर दिया जिससे वाहनों का नहर में गिरने का खतरा बना रहता है

दोहरा न जाये सीधी हादसा

लगभग 6 माह पूर्व सीधी जिले में एक नहर पर दौड़ती बस गड्ढे से उछल कर अपने से नियंत्रण खो कर नहर में समा गई थी जिसमे 54 लोग सवार थे यह हादसा इतना भीसड था कि 44 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी इसी तरह बरगी के पास नहरों में दौड़ रहे वाहन कभी भी इस घटना की पुनरावृत्ति कर सकते है दुर्घटना होने के पश्चात कुछ दिनों तक तो शासन प्रशासन कड़ाई दिखता है परंतु ऐसी घटनायें न घटें इसके उपाय करने की बजह घटनाएं होने का इंतजार करना कहाँ तक सही है ना जाने इन घटनाओं में कितने परिवार उजड़ जाते है।

सिंचाई विभाग से नही है अनुमति

सिंचाई विभाग की माने तो नहर की एप्रोच रोड पर किसी भी वाहन को निकलने की अनुमति नहीं है बाबजूद इसके बगैर किसी रोक टोक के वाहनों के आवाजाही आने बाले समय में बड़ी घटना को न्योता दे रहे है

गाड़ियों की क्रोसिंग ओवरटेकिंग की नहीं है जगह

जिस नहर पर बेतरतीब वाहनों की आवाजाही बानी हुई है बह इतनी सकरी रोड है कि सामने से वाहन आने पर क्रॉस करने में रोड से नीचे उतारना होता है जिससे बारिश के मौसम में गाड़ियों का फिसल कर नहर में गिरने का खतरा बना हुआ है इन्ही खतरों को देखते हुए सिचाई विभाग द्वारा क्रॉस बैरियर लगाए गए थे परंतु बड़े वाहनों ने उन्हें तोड़ दिया जिससे उनकी आवाजाही बानी रहे परंतु जिम्मेदारों ने सिर्फ अपना काम खत्म कर लोगों को दुर्घटनाओं का शिकार होने छोड़ दिया।

नहर की सड़क मात्र आस पास के ग्रामो के एवं नहर विभाग के वाहनों के लिए है बाकी सारे वाहनों का निकलना अपराध की श्रेणी में आता है इस संबंध में पूर्व में रोड पर बैरिकेट्स लगाए गए थे परंतु वाहन चालकों ने उन्हें तोड़ दिया जल्द से जल्द फिर से बेरिकेटिंग कर वाहनों को निकलने से रोक जाएगा।

के के तलैया ई ई
(नहर) सिंचाई विभाग

मानसून सक्रिय, रिमझिम फुहार, उमस से राहत

जबलपुर ।मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। जबलपुर समेत संभाग व आसपास के अधिकांश जिलों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे किसानों ने राहत महसूस की है। सूख रही फसलों को जीवनदान मिल गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बरसात का इस तरह का दौर अभी तीन-चार दिन तक बना रहेगा। एक दो बारिश की गतिविधियों में और तेजी आने की भी संभावना है। इस दौरान जबलपुर संभाग के में तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं।

रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बूंदाबादी हो रही है जिससे रात में वातावरण में हल्की ठंडक का अहसास होने लगा है। लोगों को उसम भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई है। उधर पिछले 24 घंटों में जबलपुर में 9.1 मिलीमीटर बरसात हुई थी। एक जून से आज समाचार लिखे जाने तक 220.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। जो पिछले साल के मुकाबले 10.5 मिलीमीटर ज्यादा है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्रीसे. अधिक रहा। साथ ही बुधवार का न्यूनतम तापमान 24 डिग्रीसे. रहा। मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। उसका पूर्वी छोर बंगाल की खाड़ी में है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। गुजरात में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। इस वजह से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी मिलने का सिलसिला जारी है। इस वजह से बरसात हो रही है।

23 को बनेगा कम दबाव का क्षेत्र

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 23 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। एक अन्य कम दबाव का क्षेत्र 27-28 जुलाई को भी बनने के संकेत मिले हैं। इस वजह से 22 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में और तेजी आने की पूरी उम्मीद है। इस दौरान पूर्वी मप्र में कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन श्रीगंगानगर, नरगौल, ग्वालियर चुर्क, गया से लेकर मणिपुर तक गुजर रही है। इसके अलावा असम, दक्षिण पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी पाकिस्तान और दक्षिण गुजरात के ऊपर चक्रवात बना हुआ है

रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर ने सौंपी 2 बायपेप मशीन और पीपीई किट्स

जबलपुर। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष श्री वरुण तंखा,डॉ अमरेंद्र पांडेय,सार्थक सेठी समर्थ अवस्थी,डॉ आतिफ अंसारी,राहुल गुप्ता एवं अन्य रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा पांडेय हॉस्पिटल घमापुर में 2 बायपेप मशीन और पीपीई किट्स सौपी गईं।

ब्रायन डिसिल्वा वरिष्ठ अधिवक्ता ने जेम्स डिसूजा इंटरनेशनल डेवलपमेंट एंड रिलीफ फाउंडेशन के द्वारा रोटरी क्लब को यह कंसन्ट्रेटर उपलब्ध कराया गया।अध्यक्ष वरुण तंखा ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए जबलपुर शहर के अस्पतालों की व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए इसकी जिम्मेदारी रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर पूरी जिम्मेदारी से निभाएगा।यह क्लब न सिर्फ मेडिकल फील्ड में बल्कि शिक्षा,पर्यावरण,कानूनी मदद एवं समाज कल्याण में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रेल्वे बोर्ड के सदस्य बनाए गए डॉ. अभिलाष पांडे

जबलपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा मप्र के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अभिलाष पांडे को

रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रेल्वे बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। रेल्वे पेशेंजर एमेनिटीज कमेटी के माध्यम से पूरे देश में यात्री सुविधा तथा रेलवे की संबंधित सभी सुविधाओं तथा अन्य विषयों में अपने सुझाव दे सकती है कमेटी के सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं यह कमेटी रेलवे बोर्ड की सबसे बड़ी कमेटी है जिसमें डॉ. अभिलाष पांडे को शामिल किया गया है जो कि मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने का विषय है और मध्यप्रदेश में यात्री सुविधा समिति द्वारा आगे चलकर यात्री हित के लिए कार्य किये जा सकते है।

अब विक्रम और एकलव्य पुरस्कार में साहसिक खेल शामिल

जबलपुर। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य खेल पुरस्कार राशि को दोगुना तथा विक्रम और एकलव्य पुरस्कार में साहसिक खेलों को शामिल किया गया।

प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और उन्हें पुरस्कृत करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों में खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी करते हुए अब दोगुना कर दिया है। अब एकलव्य पुरस्कार के लिए एक लाख रूपये तथा विक्रम, विश्वमित्र, स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार (प्रत्येक) के लिए दो लाख रूपये प्रदान किए जाएगें। पूर्व में एकलव्य के लिए 50 हजार तथा शेष पुरस्कारों के लिए एक लाख रूपये की राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की जाती थी।

पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी

ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों एकलव्य, विक्रम, विश्वमित्र पुरस्कार, लाइफ टाइम अचिवमेंट तथा स्व.श्री प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2021 तक आमंत्रित किए गए है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा नवीन पुरस्कार नियम 2021 को मंजूरी प्रदान कर दी गई है, इसका मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन भी कर दिया गया है। इस वर्ष नवीन पुरस्कार नियम अनुसार विगत 5 वर्षो में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर खेल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

ऐसे करें आवेदन

खेल पुरस्कार वर्ष 2021 संबंधी पात्रता एवं आवश्यक जानकारी खेल विभाग की वेबसाइट 222.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदक को अपनी प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छाया प्रति के साथ संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय अथवा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में 31 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे।

हनुमान जी की रसोई से फल बिस्कुट पूड़ी सब्जी का वितरण

जबलपुर। हनुमान जी की रसोई से गरीबों को फल बिस्कुट पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया । तहसील चौक हाईकोर्ट घंटाघर दादा वीरेंद्र पुरी जी की मढ़िया हनुमान मंदिर के सामने नौदराब्रिज आदि में डॉ प्रदीप कुमार ,श्रीमती पार्वती, रजनी तिवारी, कल्पेश तिवारी जगदीश तिवारी, डॉ दीपक बहरानी ,डॉक्टर सचदेवा एवं कार्यकर्ताओं ने रसोई का वितरण किया।



कुलपति डॉ. बिसेन ने रोपी धान की उन्नत किस्म

जबलपुर । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने खेत में उतरकर विवि की राष्ट्रीय बीज परियोजना प्रक्षेत्र में पूजन-अर्चन के साथ धान की उन्नत किस्म क्रान्ति की रोपाई (ट्रान्सप्लान्टिग) की। जनेकृविवि के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित यह उन्नत किस्म प्रति एकड़ 32 क्विं. उपज देती है इसलिये यह किस्म कृषकों में अत्यन्त लोकप्रिय है। कुलपति डॉ. बिसेन ने खरीफमौसम में रोपाई की शुरूआत कर एक प्रेरणास्पद कार्य को अंजाम दिया है। इस दौरान विवि के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू, संचालक षिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. डी.के. पहलवान, डॉ. एम.एल. केवट, डॉ. आर.एस. शुक्ला, डॉ. संजय सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर.एस. शुक्ला ने बताया कि खरीफमौसम में धान की खेती हेतु रोपाई कार्य प्रारंभ होने का यह उपयुक्त समय है। ट्रान्सप्लान्टिग के पूर्व कुलपति डॉ. बिसेन द्वारा सुबह पूजा-अर्चन कर भारतीय परम्परा के अनुसार प्रथम पौधे का रोपण कर रोपाई का कार्य प्रारंभ किया गया है।

वैदिक गणित' पर सात दिवसीय प्रशिक्षण

जबलपुर। संत अलॉयसियस (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर के गणित विभाग द्वारा 'वैदिक गणित' विषय पर सात दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभांरभ में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंदिरा कार विभागाध्यक्ष, गणित विभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं वैदिक गणित विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया। तत्पश्चात् डॉ. वी. के. गुप्ता (विभागाध्यक्ष गणित विभाग) डायेक्टर, रामानुजन रिसर्च सेन्टर ऑफ मैथमेटिक्स उज्जैन) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। डॉ. धर्मेंद्र यादव सीनियर टेक्निकल डायेक्टर नेषनल इंनफॉरमेटिव सेंटर उज्जैन ने वैदिक गणित के 16 सूत्र एवं 13 उपसूत्रों एवं वैदिक पद्वति से गुणा, भाग, जोड़, घटाना, मिश्रित गणना आदि पर चर्चा की। डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त अधीक्षक जीवाजी वैद्यशाला उज्जैन ने अंक पद्धति, परममित्र बीजांक विनुकलन, वर्ग वर्गमूल पहाडे आदि का परिचय दिया तथा डॉ. वी. के गुप्ता ने श्री भारती कृष्णतीर्थ महाराज के जीवन से अवगत कराया। उक्त प्रषिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जी वलन अरासू का अनवरत प्रेरणा एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

16 सूत्र एवं 13 उपसूत्रों एवं वैदिक पद्वति से गुणा, भाग, जोड़, घटाना, मिश्रित गणना पर चर्चा

कॉलेजों के स्व-वित्तीय कोर्स में कम विद्यार्थी पर नहीं मिलेगा प्रवेश

जबलपुर। प्रदेश के कॉलेजों में सेल्फ फायनेंस (स्व-वित्तीय) कोर्सेस में यदि पिछले वर्ष विद्यार्थियों की संख्या कम रही तो इस सत्र में उस कोर्स में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 1450 निजी और सरकारी कॉलेजों में आगामी सत्र 2021-22 में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। विभाग सेल्फ फायनेंस कोर्स चलाने वाले कॉलेजों पर अब नकेल कसने की तैयारी में है। विभाग ने इन कोर्सेस में प्रवेश संख्या का दायरा तय कर दिया है। गाइडलाइन में आदेश दिया गया है कि स्नातक (यूजी) में यदि किसी पाठ्यक्रम या विषय समूह में 25 से कम विद्यार्थी हों, तो ऐसे कोर्स को बंद कर दिया जाए। वहीं स्नातकोत्तर (पीजी) में किसी कोर्स में 10 से कम विद्यार्थी होने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस नियम के कारण राजधानी भोपाल के कई कॉलेजों में चल रहे करीब 60 से अधिक सेल्फ फाइनेंस कोर्स बंद हो सकते हैं।गाइडलाइन में यह उल्लेख भी है कि नए पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में संख्या का बंधन नहीं होगा। अगर किसी विद्यार्थी के अभिभावक का स्थानांतरण होकर किसी दूसरे शहर में जाता है तो वहां के कॉलेज कमिश्नर की अनुमति से सीट बढ़ा सकते हैं।

...उतनी ही मोहब्बत पर्यावरण से भी करें

जबलपुर। विश्वव्यापी कोविड 19 के दौरान ऑक्सीजन का महत्व सम्पूर्ण विष को समझ में आ गया आधुनिकता और औद्योगिकरण की बढ़ती लालसा में जीवन दान देने वाले पेड़ जो ऑक्सीजन के जनक है उन्हे हमने नेस्तनाबूत कर दिया लेकिन अब वक्त आ गया है की हम वृक्ष के महत्व को समझे। वर्तमान परिवेश में पर्यावरण की सुरक्षा एक अहम सवाल ही नहीं बल्कि ज्वलंत मुद्दा बनकर समाज के समक्ष आया इसका एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधारोपण है इस पुनीत कार्य हेतु सामाजिक एवं अन्य संगठन अलग अलग तरीके से वृक्षारोपण करने जनचेतना जागृत कर रहे हैं इसी तारतम्य में प्रयास जनशक्ति करण संस्थान ने कलेक्ट्रेट कोर्ट मैरिज करने आए संगीता संग अभिषेक को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पौधा देकर पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प नवविवाहित जोड़े को दिलवाया उन्होंने संदेश दिया कि जैसे पति पत्नी एक दूसरे से प्यार करते है वैसी ही मोहब्बत हमें पर्यावरण से करनी होगी अपर कलेक्टर राकेश बाथम ने विधिवत आवेदन लेकर नवयुगल को कोर्ट मैरिज का प्रमाण पत्र सौंपा इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम के उमाशंकर अवस्थी, विकास, राकेश मून, दीपक अहिरवार, अनिल मरावी एवं संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री रानू शर्मा प्रभा रजक, मीना सिंह राजपूत रेनू मरकाम रश्मि झारिया पारुल राजपूत, सीमा परोहा, प्रभा रजक ,निशा तिवारी ,एडवोकेट रवि सिन्हा, सोनू सेन सतनामी भैया, ब्रिज सिंगरोले आदि उपस्थित थे।

कोर्ट मैरिज करने आए नवयुगल को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का संदेश

नई रेल पटरियों के उपयोग से बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

कटनी-बीना एवं कटनी-सिंगरौली रूट में बिछाया जाएगा नया रेल ट्रैक

कटनी। भारतीय रेल भी विश्व स्तरीय रेलों की भांति नई तकनीक का उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारतीय रेल ने आत्म निर्भर भारत की दिशा में अपनी पहचान स्थापित की है। आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत सेल भिलाई स्टील प्लांट सेल द्वारा भारतीय रेल के टैंक में नई तकनीक की सफलतापूर्वक आर 260 ग्रेड का उत्पादन अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। इस नई ग्रेड को भारतीय रेलवे के अनुसंधान एवं मानक संगठन आरडीएसओ द्वारा निर्धारित निर्देशों, जो कि विश्व स्तरीय मानक पर आधारित है। सेल की तकनीक आरडीएसओ द्वारा निर्धारित निर्देश के अनुसार आर 260 ग्रेड यूरोपियन मानकों की तुलना में अधिक कठोर है। भारतीय रेल ट्रैक पर उच्च गति एवं अधिकतम फ्रेट लोड की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रेल के आर 260 ग्रेड का ट्रैक का उपयोग किया जा रहा है। पमरे द्वारा टैंक रिन्युअल में इस नई तकनीक की बेहतर रेल का उपयोग

शुरु कर दिया है, साथ ही साथ रेलों को जोड़ने के लिए नई आर-260 वेल्डिंग पद्धति का भी उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि पहले 13 मीटर की रेल होती थी, जिसमें 1 किमी के ट्रैक में 70-80 वेल्ड जोड़ होते थे पर अब नई तकनीक से ट्रैक रिन्युअल में रेल आर 260 ग्रेड के 260 मीटर के एक रेल के उपयोग से 1 किमी के ट्रैक में मात्र 08-10 वेल्ड जोड़ का प्रयोग किया जाता है, जिससे राइडिंग क्वालिटी, सरंक्षा, मैनपॉवर, ब्लॉक और धन राशि की भी बचत होती है। पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2021-22 में 170 किलोमीटर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें मुख्यतः आर-260 रेल का प्रयोग किया जाएगा, जिसमें जबलपुर मंडल में कटनी-बीना एवं कटनी सिंगरौली, भोपाल मण्डल में बीना-भोपाल एवं बीना-गुना एवं कोटा मण्डल में नागदा-मथुरा रूटों पर पूरा किया जायेगा।

नई तकनीक के उपयोग से होंगे बुनियादी फायदे

यह रेल की उच्च शक्ति 550 एमपीए मेगा पास्कल है, जिससे ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए तथा भारी एक्सल के ट्रेनों के परिचालन के लिए काफी उपयोगी है। यह रेल वैनेडियम युक्त मिश्र धातु का है, जिससे जंग एवं रेल फ्रेक्चर में कमी तथा रेल की स्थिति अच्छे रहने से रेल में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी। नयी प्रकार की रेल जो कि 260 मीटर लम्बी है, ट्रैक की रिन्युअल से गुणवत्ता में बेहतर सुधार होगा और इसके रखरखाव में खर्च एवं समय की बचत होगी। भारी एक्सल से रेल यातायात की बढ़ोत्तरी होने से रेल राजस्व भी बढ़ेगा। ट्रैक में कम वेल्ड होने के कारण परिचालन गुणवत्ता सुधरेगी।

परंपरागत अकीदत और आस्था की मनाया जा रहा ईद-उल-जुहा

कुर्बानी के पर्व पर शालीनता और भाईचारे की मिसाल

जबलपुर। कुर्बानी का पर्व ईद-उल-जुहा बकरीद आज मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत अकीदत और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुबह मस्जिदों का घरों में ईद उल जुहा की नमाज अदा की गई नमाज उपरांत मुस्लिम बंधुओं ने परंपरा अनुसार बकरों की कुर्बानी पेश की। बकरीद की नमाज अदा करते हुए मुस्लिम भाईयों ने मुल्क की बरक्कत, कौम की खुशहाली और कोरोना संक्रमण से समस्त देशवासियों की रक्षा करने की दुआएं की।

इस्लामी धर्म ग्रंथों के अनुसार लगभग 5000 वर्ष पूर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने अजीज फर्जंद हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बानी के वास्ते पेश किया था दरअसल यह इन इम्तिहान था जिसमें हजरत इब्राहिम अलै.कामयाब हुए और

मुल्क की सलामती की दुआएं

खलीलल्लाह कहलाए ।हजरत इस्माइल अलै.के बदले में एक चौपाये की कुर्बानी कुबूल हुई ।कुर्बानी की इस महान यादगार के उपलक्ष्य में मुसलमान ईद उल जुहा पर जानवरों की कुर्बानी पेश कर अल्लाह के हुजूर में अपनी बंदगी का सबूत पेश करते हैं इस मौके पर मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने नगर वासियों को ईद की मुबारकबाद पेश करते हुए पर्व को शालीनता और भाई चारे के साथ मनाने की अपील की और कहा कि गाइडलाइन का पालन करें । मुस्लिम बिदार कमेटी के मुख्तार हुसैन अंसारी हाजी फिरोज कमाल नईम शाह हाजी मकबूल अहमद रिजवी पप्पू वसीम खान हाजी इशराक खान एस के मुद्दीन हाजी मोहसिन खान एजाज उस्मानी सादिक खान मोहम्मद बबलू कुरैशी मुबारक अली कादरी ने नगर वासियों को ईद की मुबारकबाद पेश करते हुए पर्व को शालीनता तथा सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

प्रशासन ने की विशेष तैयारियां

ईद-उल-जुहा पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की है। पुलिस प्रशासन जहां कोविड प्रोटोकाल का पालन कराने में सख्ती के मूड में है तो वहीं असामाजिक तत्वों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस ने आज सभी प्रमुख स्थानों पर अस्थाई चौकियां बनाई है। विशेष सर्तकता बरती जा रही है।

आसमान छू गये बकरों के दाम

बेलगाम महंगाई का अस इस बार बकरीद पर दिखा। बकरों के दामों ने इस बार भी हर साल का रिकार्ड तोड़ दिया। औसत वजन का बकरों के दाम इस बार 15 हजार से शुरू होकर 35 हजार तक रहे। जिसके चलते अधिकांश परिवार इस पर हिस्से वाली कुर्बानी को तरजीह दी । बहोराबाग चार खम्बा बकरा व्यापारी अय्यूब बताते है कि कारोबार इस बार बहुत कम रहा पहले 100 लोग शहर में बकरा खरीदते थे तो इस बार यह आंकड़ा 40 पर जाकर सिमट गया।

ओ एफ बी का निगमीकरण क्यों ,प्रश्न औचित्यहीन

राज्यसभा में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का जवाब

जबलपुर यश भारत। आयुध निर्माणियों का निगमीकरण क्यों यह प्रश्न औचित्य हीन है इसका ब्यौरा नहीं दिया जा सकता है ।उक्त जानकारी रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राज्यसभा में उठाए गए एक अतारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा ।उक्त प्रश्न सरकार से आयुध कारखाना की जिम्मेदारियों को अंतरित किए जाने के संबंध में राज्यसभा सदस्य अनिल देसाई ने यह प्रश्न उठाया था।

दिनांक 19 जुलाई 2021 को राज्यसभा के सदस्य अनिल देसाई ने अतारांकित प्रश्न संख्या 19 में सरकार से जानना चाहा था कि- क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि(क) क्या यह सच है कि आयुध कारखाने मंत्रालय के अधीन प्रत्यक्ष निगरानी में कार्य कर रहे हैं। (ख) इस श्रेणी में कितने आयुध कारखाने हैं।(ग) क्या सरकार इनके स्वामित्व नियंत्रण को किसी गैर सरकारी निकायों को सपने पर विचार कर रही है यदि हां तो इसके औचित्य सहित तत् संबंधी ब्यौरा क्या है। उक्त प्रश्न के जवाब में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि जी हां मंत्रालय की प्रत्यक्ष से निगरानी में कार्य कर रहे हैं। उक्त संबंध में प्रश्न (ख) पर कहा किआयुध निर्माणियां रक्षा मंत्रालय के एक संबद्ध कार्यालय के रूप में कार्यशील आयुध निर्माणी बोर्ड जिसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है के तत्वावधान में 41 आयुध निर्माणी हैं ।प्रश्न(ग) उत्तर में कहा गया कि जी नहीं तथापि आयुध निर्माणियों में कार्यात्मक स्वायत्तता में आयुध निर्माणी बोर्ड को 100 फ़ीसदी सरकारी स्वामित्व वाली 7 निगमित संस्था में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। प्रश्न (घ) में पूछा गया कि यदि हां तो उसके औचित्य सहित तत् संबंधी ब्यौरा क्या है। जिस पर उन्होंने जवाब में कहा कि प्रश्न नहीं उठता है।

जर्जर भवन तोड़ने की कार्रवाई

जबलपुर। बारिश के मौसम एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के प्रशासक बी. चन्द्रशेखर एवं निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश की उपस्थिति में आचार्य विनोवा भावे वार्ड अंतर्गत बम्बा देवी मंदिर के सामने धर्मा बाई के अति जर्जर भवन को हटाने की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में होमगार्ड, एस.डी.ई.आर.एफ. के अधिकारी व जवानों द्वारा मॉकड्रिल किया गया कि किस तरह क्षतिग्रस्त भवन से हताहत व्यक्तियों को निकाला जाता है व बचाया जाता है तथा जनसामान्य को संदेश भी प्रसारित किया गया कि भवन गिरने की दशा में किस तरह स्वयं व अन्य का बचाव किया जाये। सहायक आयुक्त श्री वेदप्रकाश द्वारा जनसामान्य को संबोधित करते हुए बताया गया कि भवन यदि जर्जर है तो तत्काल उसे खाली कर दें व नगर निगम को सूचित करें ऐसा करने से जान-माल की हानि को रोका जा सकता है। कार्यवाही में फायर अधीक्षक श्री कुसाग्र ठाकुर, पुष्पेन्द्र कुमार होमगार्ड एस.डी.ई.आर.एफ. की 2 दर्जन स्टॉफ, चन्द्रशेखर, श्री रामप्रसाद, मुन्ना, अभिषेक, एवं रतेश आदि उपस्थित रहे ।उल्लखनीय है कि नगर निगम प्रशासक और निगमायुक्त के निर्देशानुसार निरंतर यह कारवाई की जा रही है।

प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव का जबलपुर आगमन कल

जबलपुर । प्रदेश के लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव का दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को जबलपुर आगमन होगा। श्री भार्गव गुरुवार को दोपहर 12 बजे गढ़ाकोटा जिला सागर से कार द्वारा रवाना होंगे तथा दोपहर 2.30 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री गुरुवार की दोपहर 3 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों, पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा शाम 4 बजे पार्टी कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री भार्गव जबलपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार 23 जुलाई को सुबह 10 बजे सर्किट हाउस में सामान्य भेंट करेंगे तथा सुबह 11 बजे बरेला-निवास मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। श्री भार्गव शुक्रवार को ही दोपहर 12.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विकास कार्यों की एवं जिला स्वास्थ्य क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक लेने के बाद शाम 5 बजे जबलपुर से कार द्वारा गढ़ाकोटा प्रस्थान करेंगे।

त्यौहारों पर कोरोना गाईड लाइन का अनिवार्यत, पालन करें

जबलपुर। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने जिले के नागरिकों से ईदज्जुहा सहित आने वाले सभी त्यौहारों पर भी कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने आग्रह किया है। श्री शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों से मिले सहयोग के फलस्वरूप जिले में कोरोना के संक्रमण पर काफी हद तक नियंत्रण पाने में सफलता प्राप्त हुई है तथा दिन प्रतिदिन कोरोना के नये प्रकरणों में कमी आ रही है। कलेक्टर ने कहा कि हमें अभी भी सतर्क रहना होगा। कोरोना का संक्रमण जरूर कम हुआ है लेकिन यह अभी खत्म नहीं हुआ है इसके बढने का खतरा अभी भी बरकरार है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से त्यौहारों को घरों पर रहकर मनाने की अपील करते हुए कहा है कि कोरोना के संक्रमण से खुद के तथा परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के लिये यह जरूरी है ।कलेक्टर ने नागरिकों से अनावश्यक घर से बाहर न निकलने, भीड़ से बचने तथा मास्क पहनने एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियम का अनिवार्य रूप से पालन करने का अनुरोध भी किया है। उन्होंने कहा कि यदि हम सतर्क रहेंगे तथा कोरोना संक्रमण को रोकने के अनूकूल व्यवहार को अपनायेंगे तो जबलपुर को कोरोना की संभावित तीसरी लहर से भी बचाया जा सकेगा।

युवा कांग्रेस पोस्टकार्ड पर आम लोगों से मांगेगी तेल की कीमतों को कम करने का सुझाव

जबलपुर। पेट्रोल,डीजल के बढ़े दामों को लेकर जहां आम आदमी परेशान है वहीं विपक्ष भी सरकार को आड़े हाथों ले रहा है। तेल की बढ़ी कीमतों को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार प्रदर्शन जारी। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष जतिन राज के नेतृत्व में आज एक प्रेसवार्ता की गई जिसमें इन्होने बताया कि तेल की बढ़ी कीमतों के चलते मंहगाई में 20 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि हो गयी है जिसके चलते आम आदमी परेशान है इन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि भूटान और नेपाल में भारत द्वारा ही तेल निर्यात किया जाता है बावजूद इसके वहां तेल की कीमत 60 रूपये प्रति लीटर है। युवा कांग्रेस ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि वह पोस्ट कार्ड अभियान शुरू करने जा रही है जिसमें राज्य सरकार के वेट टैक्स को कम करने और पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिये शहर की चारों विधानसभा में प्रत्येक पेट्रोल पम्पों,मार्केट,एवं घरों में जाकर आम आदमी से तेल की बढ़ी हुई दरों को कम करने के लिये सुझाव मांगेगी जिसका लक्ष्य युवा कांग्रेस द्वारा पांच लाख पोस्टकार्ड का रखा है। लक्ष्य पूरा होने पर इनके द्वारा भोपाल और दिल्ली स्थित भाजपा सरकार के सामने जनता की इस मांग को रखेंगें। इन्होने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की शुरूआत 27 जुलाई दिन मंगलवार को की जायेगी।

27 जुलाई से शुरू करेगी अभियान,पांच लाख का लक्ष्य

परमात्मा अपने भक्त से क्षमा भी मांग लेते हैं : ब्रह्मचारी इन्दुभवानंद

जबलपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर में पूज्य ब्रह्मचारी डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि परमात्मा अपने भक्त से क्षमा भी मांग लेते हैं पूज्य ब्रह्मचारी जी ने भगवान् नृसिंह अवतार की कथा श्रवण कराते हुए प्रह्लाद चरित्र के माध्यम से बताया कि प्रह्लाद को भगवदभक्ति के कारण उसके पिता हिरण्यकशिपु ने प्रताड़ित किया परन्तु प्रह्लाद ने भगवदभक्ति को नहीं छोड़ा यह प्रह्लाद की भक्ति निष्ठा का उदाहरण हम सबके लिए अनुकरणीय है ।प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान् नारायणजी ने नृसिंह अवतार लिया और हिरण्यकशिपु का वध किया तथा प्रह्लाद से क्षमा मांग कर कहा कि प्रह्लाद तूने बुलाने में देर नहीं की मैंने आने में देर की मुझे क्षमा कर देना इससे बड़ी प्रभु की भक्तवत्सलता क्या हो सकती है ।कथाक्रम में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने राजा बलि कथा के प्रसंग में वामन अवतार के स्वरूप को वर्णित करते हुए कहा कि भगवान् ने राजा बलि से सर्वस्व लेकर तीन पग भूमि के माध्यम से मानो च्भगवान् ने राजा बलि को त्रिगुणातीत बना दिया च्एवं तीनों अवस्थाओं से ऊपर उठाकर तुर्यातीत अवस्था में पहुँचा दिया अर्थात् राजा बलि को अपने चरणों की छाप से ब्रह्म मय कर दिया ।ज्भगवान् का सब कुछ अपने भक्तों के लिए है ।ज श्री कृष्ण जन्मोत्सव कोविड-19 के गाइडलाइन के अनुसार मनाया गया। इस मौके पर भारत सिंह यादव बीके पटेल श्रीमती नीता पटेल मधु यादव मनोज सेन प्रकाश द्विवेदी रत्नेश शुक्ला श्रीमती राधा शुक्ला एवं समस्त भक्तगण उपस्थित।

श्रीराम और श्री कृष्ण में कोई भेद नहीं

जबलपुर। गुप्तेश्वर धाम श्रीमद्भागवत में मनाया जन्मोत्सव जबलपुर द्य श्री गुप्तेश्वर धाम में ब्रह्मलीन जगतगुरु डॉ. स्वामी श्याम देवाचार्य महाराज की पावन स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चतुर्थ दिवस भगवान श्री राम और श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया द्य इस अवसर पर जगतगुरु सुखानंद द्वारा चार्य स्वामी राघव देवाचार्य महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण में कोई भेद नहीं है दोनों ने ही मानव रूप में जन्म लेकर अपनी लीलाएं की भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए एवं भगवान श्री कृष्ण पूर्ण पुरुषोत्तम कहलाए द्य यहां कथा व्यास डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने प्रकृति प्रेम और पर्यावरण की शिक्षा दी है द्य कृष्णम वंदे जगदगुरूम कि उन्होंने अद्भुत व्याख्या की इसके पूर्व श्री राम मंदिर मदन महल एवं गुप्तेश्वर भक्त मंडल ने जगद्गुरु राघव देवाचार्य एवं कथा व्यास सहित श्रीमद्भागवत पूजन किया कथा प्रतिदिन दोपहर 3ः00 से 6ः00 बजे तक हो रही है द्यइस अवसर पर आचार्य पंडित राम कुशल पांडे ,रमेश शर्मा , मनोज नारंग, विंध्येष् भापकर, जगदीश साहू आदि उपस्थित थे संचालन पंडित योगेंद्र त्रिपाठी ने किया।

खनिज के अवैध परिवहन के तीन प्रकरणों में 48 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित

जबलपुर। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने खनिज के अवैध परिवहन के तीन अलग-अलग मामलों में 48 हजार 136 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। खनिज के अवैध परिवहन के ये तीनों प्रकरण खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये गये थे ।इन प्रकरणों में इन्द्राना थाना तिलवारा के पास 12 जुलाई को खनिज निरीक्षक द्वारा की गई आकस्मिक जांच के दौरान डम्फर क्रमांक सीजी 10 सी 4184 को 14 घनमीटर मुरूम का अवैध परिवहन करते हुये पक?ा गया। इस प्रकरणें में कलेक्टर द्वारा 21 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है तथा राशि शासन के खाते में जमा कराने पर जब्त डम्फर को मुक्त करने के निर्देश खनिज अधिकारी को दिये है ।इसी तरह थाना प्रभारी मझौली द्वारा 17 मार्च 2021 को आकस्मिक जांच के दौरान बिना नम्बर के वाहन ट्रेक्टर ट्राली से मुरूम के अवैध परिवहन के मामले में 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड तथा 12 जुलाई 2021 को खनिज निरीक्षक द्वारा 4.76 घनमीटर गिट्टी की ओव्हर लोडिंग के मामले में तिलवारा जांच नाके के पास हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 5119 को पकडा गया था तथा इसे जब्त कर तिलवारा थाने के सुपुर्द किया गया था।

23 जुलाई से लगेंगे गर्भवती महिलाओं को कोरोना के टीके

जबलपुर। जबलपुर जिले में गर्भवती महिलाओं को कोरोना के टीके लगाने की शुरूआत शुक्रवार 23 जुलाई से होगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के मुताबिक केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं को कोरोना के टीके मेडीकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगाये जायेंगे। इन टीकाकारण केन्द्रों पर टीकाकरण कक्ष के अलावा निगरानी कक्ष एवं प्रतीक्षा कक्ष की भी सुविधा होगी। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत जबलपुर कल 95 केन्द्रों पर कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी । इसमें से 47 टीकाकरण केन्द्र जिले के ग्रामीण क्षेत्र में तथा 48 केन्द्र जबलपुर शहर में स्थापित किये जा रहे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के अनुसार गुरूवार 22 जुलाई को जबलपुर शहर में स्थापित किये जा रहे टीकाकरण केन्द्रों में से 43 केन्द्रों पर कोविशील्ड की तथा 5 केन्द्रों पर कोवैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगाई जायेगी। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के सभी 47 टीकाकरण केन्द्रों पर कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज लगाई जायेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी के अनुसार टीका लगवाने जबलपुर शहर में ऑनलाइन प्री-स्लॉट बुक कराना होगा जबकि ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण केन्द्रों पर ऑनसाइट रजिस्ट्रेशन की सुविधा रहेगी।

कल जिले में 95 केन्द्रों पर लगाई जायेगी वैक्सीन

जिले के 55 परीक्षा केन्द्रों में 25 को होगी

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा, परीक्षा केन्द्रों के लिए सहायक को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

जबलपुर । मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार 25 जुलाई को जिले के 55 परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2020 आयोजित की गई है। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहले सत्र की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरे सत्र की परीक्षा अपरान्ह 2.15 बजे से 4.15 बजे तक होगी।

संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर ने सभी परीक्षा केन्द्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने व परीक्षा में सहयोग हेतु सहायक को-ऑर्डिनेटर और रिजर्व सहायक को-ऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिया है। प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 का प्रवेश पत्र वेबसाइट 222.mppsc.nic.in, www.mppsc.com और 222.mponline.gov.in पर अपलोड कर दिया गया हैं। प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। सामान्य अध्ययन का प्रथम प्रश्न पत्र का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सामान्य अभिरूचि परीक्षण का द्वितीय प्रश्न पत्र अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित होगा।

संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर ने जारी किया आदेश

कोविड परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर ने कलेक्टर को निर्देशित किया है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमित छात्रों के लिए अलग से बनाये गये तीन परीक्षा केन्द्रों में कोविड प्रोटोकॉल के तहत सभी जरूरी व्यवस्थायें की जायें। कोविड संक्रमित अभ्यर्थी अपनी कोविड संक्रमण की सूचना व जानकारी संभागायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कक्ष के दूरभाष नंबर 0761-2970171 पर दर्ज करा सकते हैं। ताकि कोविड संक्रमित अभ्यार्थियों की बैठक व्यवस्था कोविड परीक्षा केन्द्र में की जा सके। मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा की समाप्ति तक संभागायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कक्ष को कोविड कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिससे कोविड से संबंधित परीक्षार्थियों की जानकारी संग्रहित कर उनके बैठने की व्यवस्था निर्धारित परीक्षा केन्द्र में की जा सके।

संभागायुक्त ने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें को निर्देशित किया है कि कोविड अभ्यार्थियों हेतु तय परीक्षा केन्द्रों में थर्मल स्केनिंग, पीपीई किट, सेनेटाइजर की व्यवस्था सहित डॉक्टर्स व नर्सों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही कोरोना प्रभावित परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र तक लाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा दिवस को भी कोरोना पॉजीटिव हो जाता है तो उससे भी प्रारूप भरवाकर उसे कोरोना परीक्षार्थियों के लिए बनाये गये विशेष परीक्षा केन्द्र में स्थानांतरित किये जाने की पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाये।

इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक-एक आइसोलेशन कक्ष भी बनाया जाये। ताकि बुखार, सर्दी-खांसी से प्रभावित अभ्यार्थियों को अलग बैठाया जा सके। इसके लिए डॉक्टर्स व नर्सों की भी ड्यूटी लगाई जाए।

पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 19 कार्मिकों को दिया समयमान वेतनमान का लाभ

जबलपुर, । मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी में कार्यरत दीपक सिंह राहंगडाले, श्रीमति प्रतिमा सोनी, अरूण सहारे, संजय पोल, संजय कुमार शुक्ला, श्रीमति अणिमा झा, श्रीधर श्रीनिवास, सुहास कोरडे, हरीश मुले, मनोज कुमार पशीने, राकेश जैन, किशनलाल शुक्ला, विनीत कुमार गंगाखेडकर, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रद्युम्न प्रसाद पटेल, गंगाराम झारिया और गंगादीन वर्मा को उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए 30 वर्षीय तृतीय विकल्प नियम के अनुसार तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किया गया है।

संपादकीय

दरकती गोपनीयता की परत

संसद सत्र की पूर्व संध्या पर इस्राइली जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस के खुलासे से पूरी दुनिया में मचे बवाल की छाया भारतीय संसद पर भी नजर आई। इस नये अस्त्र को पाकर विपक्ष ज्यादा आक्रामक हुआ, फलत- मुख्य मुद्दे पार्श्व में चले गये। यूं तो सोमवार को शुरू हुए संसद के मानसून सत्र का हंगामेदार होना तय था, वह हुआ भी लेकिन मुद्दा बदल गया। विपक्ष ने कोरोना संकट से निपटने की विफलता, पेट्रोल-डीजल व खाद्य पदार्थों की महंगाई व किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी की थी। वहीं सरकार ने भी बचाव का चक्रव्यूह रचकर विपक्ष के हमलों का जवाब देना तय किया था। इस डिजिटल युग में लोगों के डाटा की गोपनीयता व सुक्षा मौलिक अधिकार जैसा बन गया है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर हुए इस खुलासे में भारत के राजनेताओं, कारोबारियों, पत्रकारों व अन्य महत्वपूर्ण लोगों की फोन के जरिये निगरानी की बात कही जा रही है। वहीं इस्राइली फर्म पेगासस स्पाइवेयर की दलील है कि कंपनी आतंकवाद और अपराध की जांच के लिये चुनिंदा सरकारों को ही साफ्टवेयर बेचती है, लेकिन वह किसी व्यक्ति विशेष की निगरानी के काम में लिप्त नहीं है। दरअसल, रविवार को एक अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ने जानकारी दी थी कि भारत में स्पाइवेयर के जरिये कुछ कारोबारियों, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं, दो सेवारत मंत्रियों, चालीस से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी नेताओं व एक न्यायाधीश समेत तीन सौ मोबाइल फोन नंबरों को हैकिंग के लिये निशाना बनाया जा सकता है। सरकार का तर्क है कि संसद सत्र शुरू होने के ठीक एक दिन पहले इस मामले का खुलासा अंतर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। सरकार की दलील है कि सूची में किसी नंबर का होना इस बात का प्रमाण कतई नहीं है कि किसी व्यक्ति विशेष की जासूसी की गई है। वहीं इस्राइली कंपनी का दावा है कि वह स्पाइवेयर सरकारों को तो बेचती है मगर उसे खुद संचालित नहीं करती। साथ ही उसके पास इससे जुड़ा डाटा नहीं पहुंचता। उसने अपने ग्राहकों के नामों का भी खुलासा करने से मना किया है। हालांकि, केंद्र सरकार तमाम सवालों के बाबत कह रही है कि निगरानी के आरोपों का कोई आधार नहीं है। लेकिन सारा घटनाक्रम सरकार की साख पर तो सवाल खड़ा करता ही है। ऐसे में जब डिजिटलीकरण का दौर है और स्मार्टफोनों का उपयोग तेजी से बढ़ा है, नागरिकों का डिजिटल गोपनीयता व सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक ही है। वहीं स्पाइवेयर की बेहद खुफिया कार्यप्रणाली और इसकी पहुंच के चलते चिंताएं बढ़ी हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में भी व्हाट्सएप ने अपने उपयोगकर्ताओं को स्पाइवेयर से जुड़ी चिंताओं के बाबत अवगत कराया था। इतना ही नहीं, अपने प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इस्राइली फर्म के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था। ऐसा भी नहीं है कि सरकारों द्वारा अपने विरोधी राजनीतिक दलों के नेताओं की जासूसी करने के आरोप पहली बार सामने आये हों। वित्तमंत्री रहते हुए भी प्रणब मुखर्जी के कार्यालय तथा केंद्र में कांग्रेस समर्थित चंद्रशेखर सरकार के गिरने के वक्त भी इस तरह की जासूसी के आरोप लगे थे। राजनीति से इतर विपक्ष से उम्मीद की जाती है कि वह नागरिकों की गोपनीयता सुरक्षित रखने के लिये पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर सुरक्षा उपायों के लिये केंद्र पर दबाव बनाये। निस्संदेह इस घटनाक्रम से लोगों में असुरक्षा की भावना घर करेगी। वह भी तब जब डिजिटलीकरण आधुनिक जीवन की अपरिहार्यता बन चुका है। विडंबना यह भी है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई ऐसा कानून नहीं है जो सरकारों को नागरिकों की गोपनीयता की सुरक्षा से छेड़छाड़ रोकने के लिये बाध्य कर सके। बहरहाल, इंटरनेट युग में व्यक्ति के डाटा की गोपनीयता व सुरक्षा का यक्ष प्रश्न और शिद्दत के साथ सामने आया है कि कैसे सिर्फ मिस कॉल के जरिये किसी फोन को हैक किया जा सकता है। एक उपभोक्ता के रूप में भी साइबर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करते हुए यह हमारे सतर्क रहने का वक्त है।

नये वेरिएंट और तीसरी लहर की चुनौती

भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर में रोजाना 4 लाख नये केसों की ऊंचाई छूने के बाद अब संक्रमित हुए लोगों की संख्या उतार पर है, तथापि तीसरी लहर की आशंका बरकरार है। लॉकडाउन में ढील के बाद लोगों ने सावधानियों की परवाह करनी बंद कर दी है। वे पहाड़ों की सैर पर यूं निकले हुए हैं, मानो 'पिछला बदला' चुका रहे हों। इस तरह अपने साथ सबको नये खतरे में डाल रहे हैं। लगभग एक सदी पहले आए स्पैनिश फ्लू वैश्विक महामारी के दौरान चार लहरें आई थीं। कई देशों में मौजूदा नॉवेल कोरोना वायरस-कोव-2 की तीसरी लहर आ चुकी है। बेल्जियम की महिला को एक साथ दो प्रतिरूपों (वेरिएंट) से पीड़ित पाया गया है, इससे स्थिति और गंभीर बन चली है। भारत में भी एक महिला पाई गयी है, जिसको एक साल बाद दुबारा कोविड संक्रमण हुआ है।

यूके, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में कोविड के मामलों में मौजूदा उफान का संबंध कोरोना के डेल्टा वेरियंट से है। यह प्रतिरूप कोविड के उन चार वेरिएंट्स में से एक है, जिसको 'चिंता का विषय' श्रेणी में रखा गया है। कोई वेरियंट तब बनता है जब उसकी जैविक संरचना (ऑर्गेनिस्म) में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) होता है। यह म्यूटेशन या बदलाव उस वक्त भी हो सकता है जब ऑर्गेनिस्म प्रजनन करते वक्त 'प्रतिलिपि गलती' (कॉपिंग एरर) कर जाए।

किसी वायरस के एक अथवा दो बार से ज्यादा नये म्यूटेशन हो जाने पर इसको 'वेरिएंट' कहते हैं। क्रम रहित (रेंडम) म्यूटेशन, जिसके परिणाम स्वरूप या तो वायरस को जीवित बने रहने का बेहतर मौका मिलता या फिर वह अप्रभावी बन जाता है, यह गुण-दोष उसकी अगली पीढ़ियों में स्वत: स्थानांतरित होता है। कुछ म्यूटेशन ऐसे होते हैं जो वायरस को निष्प्रभावी अथवा कम संक्रमणशील बना देते हैं।

यदि वेरियंट ज्यादा संक्रमणशील, बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंचाने वाला या फिर ऐसा हो, जिसके ऊपर वैक्सीन असर ही न करे, तब ग्रसित व्यक्ति के लिए यह म्यूटेशन चिंताजनक हो जाता है। 'चिंता के विषय' सूची में कुछ मौजूदा वेरियंट्स हैं: अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा। इनमें कुछेक बीमारी को गंभीर अवस्था में पहुंचा सकते हैं, तो चंद ऐसे हैं जो मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दवा या व्यक्ति में पिछले संक्रमण के वक्त पैदा हुई एंडीबॉडीज या फिर वैक्सीनजनित प्रभाव को चकमा दे देते हैं।

डेल्टा वेरियंट 100 से ज्यादा देशों में फैल चुका है और बहुत जगहों पर संक्रमण का मुख्य कारक है। आगे इसका 'डेल्टा-प्लस' नामक एक उप-वेरियंट है, जिसका उद?भव महाराष्ट्र में हुआ था। इस वेरिएंट में पिछले कोविड वेरिएंट से बनने वाले लक्षणों के अलावा पेट दर्द, जी मितलाना, भूख में कमी और उल्टी आने के चिन्ह मिलते हैं। अन्य कई वेरिएंट्स को भी 'चिंता का विषय' श्रेणी में रखा गया है, जिनको क्रमश: ईटा, एप्सीलॉन, थीटा और काप्पा कहा जाता है। ये भी अधिक संक्रमणशील हैं या फिर रोधप्रतिरोधक क्षमता को गच्चा देने वाले हैं। हालांकि इन सबके सबूत अभी प्रारंभिक हैं। इस महीने के शुरू में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक अन्य वेरियंट लैम्डा को भी 'चिंता का विषय' सूची में रखा था। इसका उद?भव और पहली बार शिनाख्त पेरू में हुई है। पिछले चार सप्ताह में 30 से अधिक देशों में इसको पाया जा चुका है। कुछ अन्य वेरिएंट्स पर भी नज़र रखी जा रही है। मसलन, आयोटा और ज़ीटा। इनके बारे में भी जानकारी पूरी तरह उपलब्ध नहीं है।

जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि भारत में तीसरी लहर आकर रहेगी, बस सवाल यह है... कब? इस चिंता के पीछे लोगों का व्यवहार है, जो सावधानियों को नज़रअंदाज़ कर रहा है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय को दखल देकर धार्मिक समागमों पर रोक लगानी पड़ी है। केंद्रीय गृह सचिव ने इस बात पर विशेष ध्यान दिलाया है कि पहले ही कुछ सूबों में संक्रमण का आर-फैक्टर (प्रजनन अवयव) बढ़ने लगा है। आर-फैक्टर उस दर का सूचकांक है, जिस पर संक्रमण बढ़ता है। यह कहा जा रहा है कि शायद तीसरी लहर बच्चों को ज्यादा प्रभावित करने वाली होगी क्योंकि वैक्सीन 18 साल से ऊपर वालों को ही लग रही है। हालांकि इस विषय में डाटा विरोधाभासी है। एक ओर रिपोर्ट बताती है कि कोविड का शिकार बने बच्चों की संख्या बढ़ी है। जैसा कि पुणे के आंकड़े बताते हैं कि 1 से 7 जुलाई के बीच नये 2065 मामलों में बच्चों की गिनती 268 थी, वहीं दूसरी ओर पीजीआईएमआर चंडीगढ़ द्वारा करवाया गया सीरो-अध्ययन बताता है कि संक्रमित हो चुके कुल बच्चों के दो-तिहाई में पहले ही वायरस के प्रति एंटीबॉडीज बन चुकी हैं। लिहाजा, असली तस्वीर जानने के लिए कि आबादी में कितनों को संक्रमण छू चुका है, इसके लिए देश के विभिन्न भागों और आयु वर्गों में बड़े स्तर वाला सीरो-सर्वे करवाना चाहिए।

जीनोम-निगरानी के जरिए नये वेरिएंट्स पर नजर रखने की जरूरत है। केरल का हालिया डाटा बताता है कि नये मामलों का 62 प्रतिशत डेल्टा वेरिएंट की वजह से है, जिसके उपवर्ग में अल्फा (26 फीसदी), बीटा (8.24 फीसदी) तो काप्पा (2.7 फीसदी) का हिस्सा था। देशभर में अल्फा और काप्पा वेरिएंट्स का अनुपात सबसे अधिक केरल में पाया गया है। महाराष्ट्र और उत्तर-पूर्वी राज्यों में ज्यादातर मामले डेल्टा वेरिएंट वाले रहे हैं। कोविड के वेरिएंट यात्रियों के माध्यम से सीमाओं के पार जाकर फैलने के लिए कुख्यात हैं। डेल्टा का उद?भव भारत में हुआ लेकिन अब दुनियाभर के देशों में नये मामलों में 90 फीसदी से ज्यादा इसकी वजह से हैं। लैम्डा वेरिएंट, जो पेरू में उपजा है, उससे एशिया में केवल एक ही मामला इस्राइल में पाया गया है।तीसरी लहर से बचना है तो हम सबको कोविड संबंधी रोकथाम संहिता का पालन करना होगा और गैर जरूरी घूमने, भीड़ लगाने और सामाजिक समागम करने से गुरेज करना चाहिए। संक्रमण की विषैली-कड़ी को तोड़ने के लिए वैक्सीन टीकाकरण बढ़ाना होगा, जिसकी बदौलत नये वेरिएंट्स पनपने की संभावना से बचा जा सकता है। इस बात का पूरा खतरा है कि कोई 'भगोड़ा वेरिएंट' ऐसा भी आ सकता है, जो पूर्व में कोविड-ग्रसित हुए व्यक्ति में बनी एंटी-बॉडीज और मौजूदा वैक्सीन की प्रभावशीलता को चकमा दे जाए। 'द नेचर' नामक प्रकाशन में आई फ्रांस की रिपोर्ट बताती है कि फ़ाइज़र और एस्ट्रा-ज़ेनेका (कोविशील्ड) नामक टीके की पहली खुराक से डेल्टा वेरिएंट से केवल 33 फीसदी सुरक्षा बन पाई है। दूसरी खुराक के दो हफ्तों बाद फ़ाइज़र की प्रभावशीलता 88 फीसदी तो एस्ट्रा-ज़ेनेका की 60 प्रतिशत रही।

डॉ. जगत राम, डॉ. राकेश कोछड़

अयोध्या से नये समीकरणों की दस्तक

पिछली सदी के नब्बे के दशक में बहुजन समाज पार्टी की नेता ने एक इंटरव्यू में महात्मा गांधी पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिसे यहां दोहराना कतई उचित नहीं होगा। उस वक्त बहुजन समाज पार्टी के निशाने पर तिलक-तराजू और तलवार थे। लेकिन अब वही बहुजन समाज पार्टी उस तिलक को माथे की शोभा बढ़ाने की तैयारी में है, जिसे वह खुलेआम निशाने पर लेने की वकालत करती रही है।

अयोध्या में 23 जुलाई को प्रस्तावित बहुजन समाज पार्टी के ब्राह्मण सम्मेलन के गहरे निहितार्थ हैं। कांसीराम ने बहुजन समाज की जो राजनीति शुरू की थी, उसमें हिंदुत्व के प्रतीकों पर परोक्ष प्रहार भी था। हालांकि मायावती इन अर्थों में कांसीराम से थोड़ी अलग रही हैं। उन्होंने हिंदुत्व या सनातन परंपरा से दूरी दिखाने की कभी आक्रामक कोशिश नहीं की। यह बात और है कि राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के पहले तक बहुजन समाज पार्टी भी राम मंदिर आंदोलन को हिंदुत्ववादी मानती रही है। ऐसे में अगर वही मायावती ब्राह्मण सम्मेलन के लिए राम की जन्मभूमि अयोध्या को चुनती हैं तो स्पष्ट है कि इसके भी राजनीतिक निहितार्थ हैं।

अल्लामा इकबाल तो राम को इमाम-ए-हिंद कह चुके हैं। बहरहाल मायावती ने अयोध्या को ब्राह्मण सम्मेलन के लिए चुनकर साफ संदेश देने की तैयारी में हैं, यानी वे भी राम के साथ हैं, राम मंदिर के प्रति उनकी पार्टी का भी रवैया सकारात्मक है। वैसे हाल ही में उन्होंने एक बयान में कहा भी है कि ब्राह्मणों को सोचना चाहिए कि वे कब तक भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा करते रहेंगे। वे ब्राह्मणों को यह संदेश भी देना चाहती हैं कि भले ही वे आज भारतीय जनता पार्टी के कोर वोटर हों, लेकिन ब्राह्मण समुदाय के उसका वाजिब हक भारतीय जनता पार्टी नहीं दे पा रही है। साल 2007 के विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने ब्राह्मणों को जोड़ने की सफल कोशिश की थी। तब उनकी पार्टी ने कुछ ही साल पुराने आक्रामक नारे की बजाय दूसरा नारा चुना था, हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। हाथी बहुजन समाज पार्टी का चुनाव निशान है, उसके बहाने बहाने बहुजन समाज पार्टी ने ब्राह्मणों को भी जोड़ दिया था। इसका नतीजा भी उनके पक्ष में रहा। तब उसे 2002 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 7.1 प्रतिशत वोटों की बढ़त मिली थी। तब बहुजन समाज पार्टी को 30.43 प्रतिशत वोटों के साथ 206 सीटें हासिल हुई थीं और 1991 के बाद उत्तर प्रदेश में स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनी। लेकिन इसके ठीक बाद यानी 2012 में विधानसभा चुनावों में बहुजन समाज पार्टी को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। तब उसे 2007 के मुकाबले 4.52 प्रतिशत वोटों की कमी के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिला था और वह महज 80 सीटें हासिल करके सत्ता से बाहर हो गई थी। तब माना गया था कि ब्राह्मणों ने बहुजन समाज पार्टी का साथ छोड़ दिया था। मायावती ही नहीं, इन दिनों कांग्रेस भी ब्राह्मण समुदाय पर कम से कम उत्तर प्रदेश में डोरे डालने की कोशिश कर रही है। अतीत में कांग्रेस का उत्तर भारत में सत्ता समीकरण ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम समुदाय की बुनियाद पर टिका हुआ था। मायावती भी इसी समीकरण को साधने की कोशिश में हैं। इसकी वजह यह है कि उत्तर प्रदेश के सवर्ण समुदाय में सबसे बड़ी संख्या ब्राह्मणों की मानी जाती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर प्रदेश के 16 प्रतिशत वोटर सवर्ण समुदाय से हैं, जिनका आधा हिस्सा ब्राह्मणों का है। चूंकि जाति के आधार पर पूरी राजनीति केंद्रित हो गई है, इसलिए जब भी चुनाव या राजनीतिक वर्चस्व का संदर्भ आता है, जातियों का गणित उन दिनों दोहराया जाने लगता है। जाति आधारित जनगणना आजादी के पहले 1931 में ही हुई थी, उसके बाद कभी नहीं हुई। इसलिए जाति आधारित गणना बता पाना आसान नहीं है। उत्तर भारत में कहा जाता रहा है कि जिसे गंगा किनारे के ब्राह्मणों का समर्थन मिलता है, वहीं देश या अपने प्रांत पर राज करता रहा है। सवर्ण समुदाय में सबसे ज्यादा संख्या वाले ब्राह्मण समुदाय को भारतीय जनता पार्टी से अलग करने की कोशिश पिछले कुछ महीनों से तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भले ही संन्यासी हैं, लेकिन उन्हें क्षत्रिय बताने की खूब कोशिश हुई। राजनीति किस कदर बदल गई है, इसे इस तथ्य से भी समझा जा सकता है कि जब साल 2020 में कानपुर के बिकरू गांव के विकास दुबे को एनकाउंटर में पुलिस ने मार गिराया था तो उसे सरकार के ब्राह्मण विरोधी चेहरे के रूप में विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से कोशिश हुई। इसमें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी भी शामिल रही। ब्राह्मण वोट कहीं छिटक ना जाएं, इसलिए भाजपा कभी उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का नाम आगे करती है तो कभी कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को ब्राह्मण नेता के तौर पर प्रस्तुत करती है।

उमेश चतुर्वेदी

आपका राशिफल 22 जुलाई

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

फिल्म वर्ग पहेली- 5502



बायें से दायें:-

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्ले लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5501

रो	ड		बॉ	बी		श	रा	र	त
टी		अ	क्स		फ	रा	ज		ला
	कु	द	र	त		बी		जो	श
आ		ना		म	र्द		जं	ग	
द	म	न		त्रा			जी	न	त
मी		सा	थी		म	द	र		ह
	वि	मी		अ	वा	म		शू	ल
ही	रा		रू	दा	ली		जै		का
	स	नी		ल		फ	की	रा	
जी	त		सौ	त	न			जा	ल

Jagrutidaur.com, Bangalore

नुस्खे

फिटकरी के 7 टोटके जो घर में रखेंगे सुख-शांति और बरकत

फिटकरी का इस्तेमाल ज्यादातर घरों में त्वचा के कटने-छिलने पर खून बंद करने के लिए या पानी को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। मगर आप में से बहुत कम लोग जानते होंगे कि फिटकरी के इस्तेमाल से घर के वास्तु दोष भी सुधारे जा सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे...

हर कोई चाहता है कि उनके जीवन में हमेशा खुशियां कायम रहें। मगर यदि घर में वास्तु दोष उत्पन्न हो जाएं तो आपके इन तमाम कोशिशों पर पानी फिर जाता है। ऐसे में जरुरी है घर के वास्तु दोष दूर करने के लिए कुछ वास्तु उपायों पर ध्यान दिया जाए। आज हम आपको बताएंगे कि आप आखिर फिटकरी की मदद से किस तरह घर के वास्तु दोष दूर कर सकते हैं।

नेम प्लेट पर टांगे फटकरी

यदि आपके घर के आसपास कोई कब्रिस्तान या फिर मुर्दा-घर है तो ऐसे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह रोकने के लिए घर के आगे शीशे की नेम प्लेट में फिटकरी के कुछ छोटे-छोटे टुक? टांग दें। हर महीने इस फिटकरी को बदलते भी रहें, ऐसा करने से उन जगहों से आने वाली नकारात्मक ऊर्जा का असर आपके घर को प्रभावित नहीं कर पाएगा।

इस दिशा में न खोलें खिड़कियां

नेम प्लेट पर फिटकरी टांगने के साथ-साथ घर की कोई भी खिड़की उस ओर न खोलें जिस तरफ कब्रिस्तान हो। कोशिश करें उस दिशा की सभी खिड़कियां बंद करवा दें। बच्चों को खासकर उस दिशा में जाने से रोकें। बच्चे अगर उस दिशा में जाएंगे तो रात में उन्हें डरावने सपने आने की आशंका बढ़ जाती है।

नेगेटिव एनर्जी

घर के बाथरुम में फिटकरी से भरा पानी का एक कटोरा रखें, पानी को रोज सुबह उठकर बदलें। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी। साथ ही बाथरुम में मौजूद नमी से भी छुटकारा मिलेगा।

पारिवारिक अनबन

अगर परिवार में बहुत ज्यादा झगड़े रहता है तो जिस कमरे में आप सोते हैं, उस बैड के नीचे एक कटोरे या प्लेट में फिटकरी रखकर सोएं। सुबह उठकर फिटकरी उठाकर घर की उत्तर दिशा में रख दें। ऐसा लगातार 40 दिन करने से आपके परिवार में लड़ाई-झगड़े होने कम हो जाएंगे।

घर में बरकत

मुख्य द्वार पर काले कपड़े में फिटकरी बांधकर टांगने से घर में बरकत बरकरार रहती है।

हेल्थ प्रॉबल्मस

कभी-कभार फिटकरी के पानी से स्नान करने पर सेहत संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।

बुरे सपने

बुरे सपनों से पीछा छुड़ाने के लिए फिटकरी बहुत लाभदायक है। यदि आपको रात के वक्त बुरे सपने आते हैं तो काले कपड़े में फिटकरी बांधकर अपने सिरहाने के नीचे रख लें। इससे आपको बुरे सपने नहीं आएंगे।

सूडोकु नवताल- 6023

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6022 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

विचार प्रवाह

एक व्यक्ति ने सोचा कि समुद्र में स्नान कर लूं तो सभी तीर्थों के स्नान का फल मिल जाएगा क्योंकि समुद्र में गंगा जमुना सब हैं। समुद्र के किनारे गया और बैठ गया। सुबह से शाम होने को आयी लेकिन वह अब भी बैठा है। किसी यात्री ने पू

स्कूल खोलने के फैसले से अभिभावक परेशान, फीस-ड्रेस को लेकर बढ़ेगा दबाव

भोपाल । राज्य सरकार के एक फैसले ने लाखों अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य और फीस-ड्रेस को लेकर स्कूलों के ब?ते दबाव से परेशान हैं। अभिभावकों का कहना है कि देश कोरोना की तीसरी लहर के मुहाने पर खड़ा है। दो दिन पहले ही केरल में कोरोना मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में मरीज बढ़ रहे हैं और मध्य प्रदेश सरकार स्कूल संचालकों के दबाव में 26 जुलाई से 11वीं-12वीं एवं पांच अगस्त से नौवीं-10वीं की कक्षाएं खोलने जा रही है। यह जानते हुए भी कि यह फैसला भयानक स्थिति का कारण बन सकता है। मध्य प्रदेश में फिलहाल कोरोना संक्रमण नियंत्रण में है, यही कारण है कि बाजार, मॉल, रेस्टोरेंट और सिनेमा घर कुछ पाबंदियों के साथ खोले गए हैं। ऐसे में स्कूल संचालकों ने स्कूल खोलने का दबाव बनाया, पहले तो सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव को खारिज किया और चंद दिन बाद ही 11वीं-12वीं कक्षाएं 26 जुलाई से खोलने के निर्देश दे दिए। अभिभावक दिनेश पटेल, संगीता पांडे, ओमप्रकाश शुक्ला का कहना है कि जब तीसरी लहर की आशंका है। पड़ोसी राज्यों में स्थिति बिग? रही है, तो फिर स्कूल खोलने की जरूरत ही क्या है? इससे तो अभिभावकों की स्थिति ही खराब होगी। कोरोना काल में भले ही वे नौकरी गंवा चुके हों या आधे वेतन पर काम कर रहे हों, पर नियमित कक्षाएं शुरू होने के बाद उन्हें स्कूलों को पूरी

फीस देना प?ेगी। इतना ही नहीं, ड्रेस, जूते-मोजे, बैग के लिए विद्यार्थियों पर दबाव बनेगा, तो वह भी लाने प?ेंगे। दबाव इसलिए बनेगा क्योंकि स्कूल विशेष की ड्रेस व अन्य सामग्री तय दुकान पर ही मिलती है, जिससे स्कूलों को 25 से 35 फीसद का कमीशन मिलता है। यह लाभ कोरोना के कारण स्कूल बंद होने से पिछले साल भी नहीं मिला। अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि भेल शिक्षा मंडल के जवाहरलाल नेहरू सहित कुछ स्कूल बच्चों को ऑनलाइन कक्षाओं में भी नई ड्रेस पहनकर बैठने को कह रहे हैं।

क्या शारीरिक दूरी का पालन करा पाएंगे स्कूल?

अभिभावकों ने सवाल उठाए हैं कि दूसरी लहर की भयावहता देखने के बाद भी लोग लापरवाह हैं। सरकार न मास्क लगवा पा रही है और न ही शारीरिक दूरी का पालन करा पा रही है। बाजारों-कार्यालयों के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। ऐसे में यह अपेक्षा बेमानी है कि स्कूल किशोरावस्था के विद्यार्थियों से शारीरिक दूरी सहित कोरोना के अन्य नियमों का पालन करा पाएंगे।

एक संक्रमित कई घरों पर भारी पड़ेगा

सरकार ने एक कुर्सी छोड़कर विद्यार्थियों को बैठाने का फार्मूला दिया है। यह कारगर साबित होगा, इसमें भी संदेह है। यदि कक्षा में एक भी संक्रमित विद्यार्थी पहुंचता है, तो वह वायरस को कई घरों में पहुंचा देगा। उन घरों में युवा भी होंगे, वृद्ध भी होंगे और बीमार भी। फिर सरकार किसे जिम्मेदार ठहराएगी।

अभिभावक ही नहीं भेजेंगे

सरकार स्कूल भले ही खोल दे, पर कोरोना से डरे अभिभावक बच्चों को नहीं भेजेंगे। स्कूल संचालक भी यह जानते हैं, पर स्कूल खोलने का लगातार दबाव बनाया। क्योंकि बच्चे स्कूल आएं या न आएं। फीस तो नियमित आएगी और समझौते के तहत स्कूलों की ड्रेस और अन्य सामग्री रखने वालों का कारोबार चल प?ेगा। जिससे स्कूलों का भी भला होगा।

अब ताप विद्युत की जगह स्थापित होगी सौर ऊर्जा परियोजना

भोपाल। प्रदेश के छतरपुर जिले के गांव बरेठी में एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा तीन हजार 960 मेगावाट क्षमता की ताप विद्युत परियोजना की जगह अब सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित होगी। इसके लिए आरक्षित भूमि के उपयोग परिवर्तन की अनुमति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दी गई। परियोजना में बनने वाले बिजली पर पहला अधिकार मध्य प्रदेश का होगा। बैठक में बताया गया कि एनटीपीसी ने 976 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया था। शासन ने परियोजना के लिए 172 हेक्टेयर राजस्व भूमि कंपनी को दी थी कंपनी ने पर्यावरण स्वीकृति और कोल लिंकेज प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया भी की पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी। इसके मद्देनजर कंपनी ने मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी से विद्युत क्रय संबंधी करार को निरस्त करने का अनुरोध

किया था, जिसे जनवरी 2020 में निरस्त कर दिया। कंपनी ने 550 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना करने के लिए भूमि का उपयोग परिवर्तन करने की अनुमति मांगी थी, जो मंत्रिपरिषद ने दे दी। साथ ही यह भी तय किया कि परियोजना से उत्पादित पूरी बिजली दो रुपये 45 पैसे की दर पर 25 साल के लिए क्रय करने का पहला अधिकारी मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी का होगा। वहीं, नजूल भूमि निर्वतन निर्देश-2020 में संशोधन करके बस स्टैंड बनाने के लिए भूमि निश्शुल्क देने का निर्णय भी किया गया। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने बस स्टैंड को सार्वजनिक प्रयोजन की श्रेणी में शामिल किया है। एक अन्य फैसले में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की इंदौर विकास प्राधिकरण से लीज पर प्राप्त भूखंड को सात करो? 67 लाख रुपये से अधिक की बोली लगाने वाले के पक्ष में नामांतरण करने की कार्यवाही करने संबंधी निर्णय लिया गया। साथ ही छतरपुर के बक्सवाहा विकासखंड में नए आइटीआइ के लिए 30 पदों के सृजन की स्वीकृति भी दी गई।

यातायात नियमों की अनदेखी जेब पर भी भारी, हेलमेट नहीं लगाने वालों से वसूले 17 करोड़

भोपाल । यातायात नियमों की अनदेखी लोगों की जेब पर भी भारी पड़ रही है। इसके जुर्माने की राशि करोड़ों रुपये में है। सबसे ज्यादा उल्लंघन हेलमेट के मामले में किया जा रहा है। बीते वर्ष में सिर्फ हेलमेट नहीं पहनने वालों पर करीब 17 करो? रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यातायात नियमों का उल्लंघन ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में अधिक पाया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को समझाइश दी जा रही है, लेकिन जीवन से जुड़े मामलों में भी जागरूकता का अभाव है। वर्ष 2020 के आंकड़ों से पता चलता है कि हेलमेट नहीं लगाने वालों से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 11 करोड़ 47 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह राशि पांच करो? 77 लाख रुपये रही। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की समस्या भी गंभीर है। ऐसे वाहनों से करीब 18 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है। बिना बीमा के वाहन चलाने वालों पर शहरी क्षेत्रों में अधिक जुर्माना वसूला गया है। हाल ही में पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआइ) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तेज की जाए। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुस्तैदी से कार्रवाई कर जुर्माना की राशि वसूली जाए, क्योंकि यातायात नियमों के उल्लंघन से जान जाने का जोखिम भी रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने रोड सेफ्टी को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें समझाइश, चालान बनाना और लाइसेंस निलंबित कराने जैसी कार्रवाई के लिए स्पष्ट गाइडलाइन है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती करें तो स?क दुर्घटनाओं की संख्या आधी की जा सकती है। पीटीआरआइ से इस संबंध में प्रशिक्षण और निर्देश जिला मुख्यालयों को लगातार दिए जा रहे हैं।

यह रही जुर्माने की राशि की स्थिति (रुपयों में)

	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
उल्लंघन का प्रकार		
प्रदूषण फैलाना	15,82,500	21,12,250
बिना बीमा वाहन चलाना	21,25,700	8,54,900
बिना लाइसेंस वाहन चलाना	34,16,700	19,61,150
खतरनाक तरीके से परिवहन	36,50,305	8,11,200

सरकार ने रेत का न्यूनतम मूल्य बढ़ाया

भोपाल । राज्य सरकार ने रेत का न्यूनतम मूल्य (आफसेट प्राइज) बढ़ा दिया है। अब 125 रुपये प्रति घनमीटर के बजाय 250 रुपये प्रति घनमीटर की दर से रेत खदानों की बोली शुरू होगी। यह वृद्धि उन खदानों पर लागू नहीं होगी, जो वर्तमान में ठेकेदार संचालित कर रहे हैं। गौण खनिज मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने यह निर्णय लिया है। गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में समिति की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित हुई। यहां लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने प्रदेश की रेत नीति में संशोधन से पहले अन्य राज्यों की रेत नीति का अध्ययन करने को कहा है। इसके लिए अगले हफ्ते फिर बैठक होगी। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने आठ जिलों (आलीराजपुर, रायसेन, मंदसौर, सीहोर, आगर-मालवा, उज्जैन एवं अन्य) में रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में ठेकेदार, खदानें समर्पित कर चुके हैं या रायल्टी की किस्त जमा नहीं करने के कारण उनके ठेके निरस्त किए गए हैं। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए व्यवस्थाओं के विकेंद्रीकरण और विभाग में विभिन्न् पदों पर अधिकारियों-कर्मचारियों की भर्ती करने का निर्णय हुआ है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने गौण खनिजों के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए किए जा रहे और किए जाने वाले उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डा. मिश्रा ने कहा कि गौण खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करें। वित्त मंत्री जगदीश देव?ा ने कहा कि रेत के अवैध उत्खनन को रोकने के साथ विभागीय सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रबंधन जरूरी हैं। खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि नियंत्रण प्रणाली को सशक्त बनाना जरूरी है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि अवैध उत्खनन करने वाले क्षेत्रों की पहचान कर पुख्ता कार्रवाई करें।

करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपित बैंक सुरक्षा गार्ड की तलाश में रीवा तक घेराबंदी

भोपाल। मिसरोद पुलिस ने कैनरा में पौने सात करोड़ो रुपये की धोखाधडी के मामले में केस दर्ज करने के बाद आरोपित सुरक्षा गार्ड गणेश पाठक के अयोध्या नगर स्थित घर पर छापेमारी की, लेकिन उसका पूरा परिवार घर से गायब हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में उसके गृहनगर रीवा तक पहुंच चुकी है। हालांकि अब तक उसका कुछ अता-पता नही हैं। इधर, पुलिस कैनरा बैंक शाखा में बीते तीन-चार दिन से लगातार शिकायतकर्ताओं के खाते का रिकार्ड खंगाल रही है।

भोपाल । साइबर अपराधी इन दिनों ईमेल आइडी का पासवर्ड बदलने का झांसा देकर मेल हैक कर रहे हैं। अपराधी मेल आइडी पर फिशिंग ई-मेल भेजकर कहते हैं कि आपका मेल आइडी सस्पेंड हो गया है। नीचे दी गई लिंक के माध्यम से पासवर्ड बदल लें। लिंक पर क्लिक कर पासवर्ड

पासवर्ड बदलने का झांसा देकर ईमेल आइडी हैक कर रहे अपराधी

बदलने के कुछ ही देर बाद ईमेल हैक हो जाता है। राज्य साइबर सेल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश चौधरी ने कहा कि अपराधी ईमेल आइडी का पासवर्ड एक्सपायर होने की बात कहते हैं। साथ ही ईमेल की सेवाएं जारी रखने के लिए भेजी गई लिंक पर क्लिक कर नया पासवर्ड बनाने को कहते हैं। लिंक पर क्लिक कर पासवर्ड बदलने के लिए लोग पुराना और नया पासवर्ड डालते हैं। इसे सबमिट करते ही ईमेल आइडी और उसका पासवर्ड अपराधियों के पास पहुंच जाते हैं। इससे वे सभी व्यक्तिगत व शासकीय पत्राचार वाले मेल प? सकते हैं और उनका दुरुपयोग अन्य चीजों के लिए भी कर लेते हैं। यदि यह ईमेल आइडी बैंक अकाउंट से संबंधित है तो वे वित्तीय हानि भी पहुंचा सकते हैं।

अनजान ईमेल से आए सॉफ्टवेयर डाउनलोड न करें

राज्य साइबर सेल की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है कि किसी भी अनजान ईमेल पर विश्वास कर किसी भी सॉफ्टवेयर को डाउनलोड न करें, यह वायरस हो सकता है। ऐसी मेल को तुरंत डिलीट कर दें। ऐसे मेल मिलें तो ईमेल सेवा प्रदाता से संपर्क करें। हैक होने की स्थिति में भी सेवा प्रदाता को इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए आइडी प्रूफ, पहले के मेल के स्क्रीनशॉट, इनबॉक्स आदि दस्तावेजों के साथ ईमेल को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का अनुरोध करें। अन्य वैकल्पिक ईमेल खाते से सभी संपर्कों को ईमेल-संदेश भेजें और हैक किए गए ईमेल से आने वाले ईमेल का जवाब न देने का अनुरोध करें। इस प्रकार की घटना होने पर नजदीकी पुलिस थाने में या www.cybercrime.gov.in अथवा टोल फ्री नंबर 155260 पर शिकायत करें।

अब आशा पर्यवेक्षकों को 25 नहीं, 30 दिन की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मांगी थी

भोपाल । प्रदेश की हजारों आशा पर्यवेक्षकों के लिए एक अच्छी खबर है। अब उन्हें महीने में 25 दिन की जगह 30 दिन की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एक दिन की प्रोत्साहन राशि 300 रुपये होती है। इस हिसाब से 30 दिन की प्रोत्साहन राशि 9000 रुपये होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र इकाई की संचालक छवि भारद्वाज ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आशा पर्यवेक्षक आशा व उषा कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करती हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मैदानी स्वास्थ्य सेवाओं पर नजर रखती हैं। हर तरह के सर्वे में हिस्सा लेती हैं। एक आशा पर्यवेक्षक के जिम्मे 12 से 15 गांव होते हैं, जहां उन्?हें आना-जाना पड़ता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में इनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। पूर्व में इन्हें एक महीने में 25 दिन की ही प्रोत्साहन राशि मिलती थी, जो कि 7500 रुपये होती थी।

इन पर्यवेक्षकों ने महंगाई व पेट्रोल खर्च का हवाला देकर हर माह 15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि की मांग की थी। दरअसल बीते दिनों आशा-उषा व आशा पर्यवेक्षकों ने राजधानी मुख्यालय समेत प्रदेशभर में जबर्दस्त विरोध विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान आशा पर्यवेक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र इकाई के अधिकारियों के सामने अपने खर्च का ब्यौरा रखा था। यह भी बताया था कि उन्हें बहुत परिश्रम करना पड़ता है। परिवार भी चलाना पड़ रहा है, इसलिए कम से कम प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि 15 हजार रुपये दी जानी चाहिए। तब अधिकारियों ने उन्हें इस दिशा में उचित कदम उठाने का भरोसा दिया था लेकिन जब आदेश जारी किए गए तो पता चला कि प्रोत्साहन राशि में मामूली बढ़ोतरी की है। वहीं आशा व उषा कार्यकर्ताओं की एक भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया है। इससे उनमें नाराजगी व्याप्त है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में उनकी मांगों पर भी गौर किया जाएगा।

73 हजार की उधारी का विवाद, दो महिलाओं ने एक-दूसरे के पति के खिलाफ दर्ज कराई छेढ़छाड़ की शिकायत

भोपाल । 73 हजार की उधारी का विवाद, दो महिलाओं ने एक-दूसरे के पति के खिलाफ दर्ज कराई छेड़छाड़ की भोपाल । छोला मंदिर थाना पुलिस ने दो महिलाओं द्वारा एक-दूसरे के पति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने पर दो अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। दोनों आपस में पड़ोसी हैं और उनके बीच रुपयों के लेन-देन को लेकर भी विवाद की बात सामने आई है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 28 वर्षीय महिला ने मोहल्ले में रहने वाले एक युवक को कुछ माह पहले 73 हजार रुपये उधार दिए थे। महिला के पति को पिछले दिनों कैंसर हो गया। पति के इलाज के लिए उसे रुपयों की जरूरत थी। उसने युवक से रुपये वापस मांगे तो उसने महिला से कहा कि वह उससे फोन पर बात करने लगे, तभी रुपये चुकाएगा। इससे महिला बिफर उठी और चुपचाप वापस चली गई। महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की शाम को वह अस्पताल से अपने घर लौट रही थी। रास्ते में उसे रुपये उधार लेने वाले युवक ने रोक लिया। अश्लील कमेंट्स करते हुए युवक हाथ पक?कर उसे अपने घर की तरफ ले जाने की कोशिश करने लगा। इस खींचतान में उसके कपड़े भी फट गए, जिसकी वजह से उसे सरेराह शर्मसार भी होना पड़ा। महिला ने सोमवार को थाने में केस दर्ज कराया। उधर, आरोपित युवक की पत्नी ने भी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उधार रुपये देने वाली महिला के पति ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ अश्लील हरकत की। शोर मचाने पर वह मौके से भाग निकला। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

बीस लाख का कर्ज चुकाने के लिए दो भाइयों ने रची ट्रक लूट की झूठी कहानी

भोपाल। बिलखिरिया के झागरिया पहाड़ी बायपास पर 12 लाख के लहसुन से लदे ट्रक लूट की घटना का पुलिस ने आठ घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। दो सगे भाइयों ने अपने पिता और एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर इस पूरी वारदात की साजिश रची थी। आरोपितों ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि उन्होंने 20 लाख रुपये का कर्ज चुकाने के लिए पूरी साजिश रची थी। वह लहसुन को पहले ही नौ लाख रुपये में बेच चुके थे। ट्रक लूटे जाने घटना बताकर वह बीमा और फाइनेंस की रकम को ह?पना चाहते थे। पुलिस ने पिता और दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों का दोस्त फरार है। बताया जा रहा है कि आरोपितों ने ट्रक को छिपाने के लिए जंगलों की बाइक से रैकी तक की थी। पुलिस को मंगलवार पौने सात बजे झालावा? राजस्थान निवासी 24 वर्षीय शमशेर खां ने बिलखिरिया थाने पहुंचकर सूचना दी कि वह अपने भाई शमसाद के साथ ट्रक में करीब 12 लाख कीमत का 28 टन लहसुन लेकर राजस्थान से बरग? ओडिशा जा रहा था। रास्ते में ग्राम

झागरिया पहा?ी बायपास पर जंगल में अज्ञात कार में चार लोग आए और ट्रक को रोका। मारपीट कर उन्?हें जंगल में ले गए और पे? से बांधकर ट्रक लूटकर फरार हो गए। इस पर थाना प्रभारी उमेश चौहान ने तुरंत आला अधिकारी इसके बारे में सूचित किया। घटना की जानकारी लगने के साथ ही एसपी साईं कृष्णा, एएसपी राजेश भदौरिया समेत आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जब पीढ़ित के हाथों के निशान और चप्पल को देखा तो पुलिस को शंका हुई। घटनास्थल पर जाकर देखा तो लूट की वारदात जैसा कुछ नहीं मिला। इस पर शक और पुख्ता हो गया। बाद में पीड़ितों से अलग-अलग पूछताछ की तो वह टूट गए और लूट की कहानी रचने की जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने जंगल में छिपाकर रखा ट्रक बरामद कर लिया। एएसपी राजेश भदौरिया का कहना है कि उनकी मोबाइल लॉकेशन और कॉल डिटेल से भी काफी मदद मिली। एएसपी भदौरिया ने बताया कि दो भाइयों के बयानों में विरोधाभास था। पुलिस पूछताछ में शमशेर ने कबूल किया कि उन पर 20 लाख का कर्ज हो गया था। कर्ज न चुका पाने के कारण परेशान थे। तभी उन्होंने कुछ ऐसा करने की योजना बनाई, जिससे कर्ज चुक जाए और मुनाफा भी हो। इसी दौरान 14 जुलाई को कोटा से भाइयों ने 18 टन लहसुन ट्रक में भरा और 15 को झालावाड़ा आए। जिला बारा राजस्थान में मंडी व्यापारी के यहां उसे नौ लाख में बेच दिया। उसके बाद एक व्यक्ति को नौ लाख देकर दोनों भाइयों ने साजिश रची, जिसमें उन्होंने अपने पिता को भी शामिल कर लिया। आरोपित पहले भी बिलखिरिया रायसेन आ चुके हैं।,

पत्नी बोली - भरण-पोषण की राशि नहीं दे सकते तो किडनी बेच दो

भोपाल । पैसों की खातिर इंसान इतना बदल जाए कि उसके लिए रिश्तों का कोई महत्व न रह जाए। सात जन्म तक हर मुश्किल में साथ निभाने की वादा एक छोटी-सी उलझन में ही टूट जाए। ऐसा पति-पत्नी के रिश्ते में कम ही देखने को मिलता है, लेकिन ऐसा ही एक उदाहरण कुटुंब न्यायालय में पहुंचे मामले में देखने को मिला। सुनवाई के दौरान पति ने भरण-पोषण देने में असमर्थता जताई तो पत्नी ने उसे किडनी बेचने की सलाह दे डाली। यहां तक कि दो लाख रुपये में किडनी बिकवाने तक की बात कह दी। काउंसलर ने बताया कि दंपती दूसरी बार काउंसिलिंग में आए थे। इस बार उम्मीद थी कि महिला तलाक दे देगी या समझौता कर घर चली जाएगी, लेकिन उसकी बात ने सभी को हैरत में डाल दिया। फिलहाल मामले में सुनवाई के लिए तारीख आगे ब?ा दी गई है। काउंसलर ने बताया कि दंपती की शादी को आठ साल हुए हैं। उनका सात साल का बेटा भी है। पति को री? की हड्डी का कैंसर है और वह खुद के इलाज के लिए पिता के भरोसे है। ऐसे में वह कई माह से पत्नी को भरण-पोषण की राशि नहीं दे पा रहा था। जिसकी उसने शिकायत की थी। काउंसिलिंग के दौरान पति ने कहा कि वह पहले प्राइवेट नौकरी करता था, लेकिन अब उसके पास नौकरी नहीं है। जबकि पत्नी प्राइवेट अस्पताल में काम करती है। करीब चार साल पहले मुझे रीड़ की हड्डी में कैंसर का पता चला। बीमारी की जानकारी लगते ही पत्नी ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया। अब मैं अपने पिता के साथ रह रहा हूं। ऐसे में खर्च देने में असमर्थ हूं। हालांकि उसने पत्नी को भरण-पोषण के बदले घर देने का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन पत्नी ने इससे इन्कार कर दिया और कहा कि यह घर तो वैसे भी पति को उसके बेटे के नाम करना ही होगा, लेकिन उसे नकद राशि चाहिए।

पति किसी काम का नहीं

काउंसिलिंग के दौरान पत्नी ने कहा कि पति तो वैसे भी उसके किसी काम का नहीं। यदि पति मर जाता है तो उसे कुछ नहीं चाहिए। अभी पति आराम से अपने पिता के पैसे पर ऐश कर रहा है और वह दिन-रात काम कर रही है। उसने कहा कि कैंसर मरीज तो जल्दी मर जाते हैं, लेकिन यह चार साल से बस इलाज ही करवा रहा है। खास बात यह रही कि उसने पति को मरने का आसान नुस्खा भी बताया।

आज के समय में पैसा इंसान से अधिक महत्व रखने लगा है। मामले में पत्नी को समझाया गया है। अगली पेशी में दोनों के बीच समझौता होने की उम्मीद है। - **सरिता राजानी, काउंसलर, कुटुंब न्यायालय**

जिम्मेदारों ने मानसून सत्र में भी ऑफ रिकार्ड उत्खनन की दी अनुमति

नदियों के लिए काल बनता जा रहा बालू का अवैध उत्खनन

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसून सीजन की शुरुआत होते ही प्रदेश भर में 15 जून से रेत खनन पर पूर्णत- प्रतिबंध लगा दिया गया, लेकिन जिले में अब तक (17 जुलाई तक) इस आदेश पर अमल नहीं हो सका। नतीजतन रेत ठेकेदार दर्जनों वाहनों से नदियों में रेत खनन करने में लगे हैं। उन्हें शासकीय गाइड लाइन से कोई मतलब नहीं। जिम्मेदारों ने भी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा।

सूत्र बताते हैं कि नियमानुसार मानसून के दौरान रेत खनन पर कब से कब तक प्रतिबंध रहेगा, इसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एफओईएफ) की ओर से सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइड लाइंस बनाई गई है। इसके मुताबिक मप्र में मानसून पीरियड 15 जून से 1 अक्टूबर तक माना गया है, लिहाजा इस अवधि में प्रदेश में रेत खनन प्रतिबंधित है। लेकिन जिले में प्रशासन, खनिज विभाग के अधिकारियों का इस तरफ ध्यान नहीं है, खासकर जिले के सोन नदी से खुलेआम अवैध रेत खनन करते देखा जा सकता है।

प्रतिदिन जीवनदायनी के सीने पर चल रहा वंशिका का खंजर

राजस्व को लग रहा चूना

मानसून सत्र में जिले में रेत माफिया नदियों से खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन करा कर अवैध परिवहन करने में जुटे हुए हैं। वंशिका ग्रुप के मैनेजर द्वारा गुर्गो के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर शासन को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की क्षति पहुंचाने का सिलसिला बेरोकटोक जारी रखे हुए है। इतना ही नहीं संबंधित महकमों की सेटिंग से रेत माफिया द्वारा अनेक स्थानों पर नदियों में जेसीबी एवं पोकलेन मशीन लगाकर रेत का अवैध खनन कराकर वाहनों एवं ट्रैक्टरों से रेत का अवैध परिवहन विभाग शासन को भारी राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

जल प्रवाह हो रहा कम

बड़ी नदियों को विशालता देने का कार्य उनकी सहायक छोटी नदियां ही करती हैं। बीते सालों में कई छोटी नदियां लुप्त हो गईं। इसका असल कारण ऐसी मौसमी छोटी नदियों से बेतहाशा रेत को निकालना था, जिसके चलते उनका अपने उद्गम व बड़ी नदियों से मिलन का रास्ता बंद हो गया। देखते ही देखते वहां से पानी रूठ गया। खासकर सोन नदी को सबसे ज्यादा नुकसान उनकी सहायक नदियों के रेत के कारण समाप्त होने से हुआ है। इसका ही असर है कि बड़ी नदियों में जल प्रवाह की मात्र साल दर साल कम हो रही है।

भण्डारण में नहीं होती रेत कम

कानून तो कहता है कि ना तो नदी को तीन मीटर से ज्यादा गहरा खोदो और ना ही उसके जल के प्रवाह को अवरुद्ध करो, लेकिन लालच के लिए कोई भी इनकी परवाह नहीं करता। रेत नदी के पानी को साफ रखने के साथ ही अपने करीबी इलाकों के भूजल को भी सहेजता है। कई बार एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट निर्देश दे चुके हैं। सूत्रों की माने तो जिले में वंशिका ग्रुप का मैनेजमेंट देख रहे अजीत ने जिले की सभी नदियों को छलनी किया जा रहा है, खबर है कि मानसून सत्र में जितनी रेत कथित ठेकेदार ने भण्डारित की है, वह कभी कम नहीं होती, सुबह अगर 10 गाड़ी रेत कथित अजीत द्वारा बेची जाती है तो, रात में 15 गाड़ी फिर भण्डारण में पहुंच जाती है।

न जल प्रवाह बचा और न रेत

जिले की रेत खदानों का ठेका वंशिका ग्रुप को दिया गया है, कथित ग्रुप ने जिले में इसका मैनेजमेंट अजीत नामक व्यक्ति को देखा रखा है, सूत्रों की माने तो जिले में जहां-जहां उक्त ग्रुप के मैनेजर द्वारा उत्खनन कराया जा रहा है, वहां अधिकांश नदियों का उथला होते जाना और थोड़ी सी बरसात में उफन जाना, तटों के कटाव के कारण बाढ़ आना और नदियों में जीव-जंतु कम होने के कारण पानी में ऑक्सीजन की मात्र कम होने से पानी में बदबू आना, ऐसे ही कई कारण हैं जो मनमाने रेत उत्खनन से जल निधियों के अस्तित्व पर संकट की तरह मंडरा रहे हैं। आज हालात यह है कि ना तो जल प्रवाह बच रहा है और ना ही रेत।

महंगाई के विरोध में रांझी में कांग्रेस का प्रदर्शन

जबलपुर। रांझी क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई के विरोध में रांझी दर्शन सिंह चौराहे पर प्रदर्शन किया गया।भाजपा सरकार के खिलाफ बैलगाड़ी निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया और जनता को भी जागरूक भी किया एवं रांझी तहसीलदार महोदय को महामाहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि गैस पेट्रोल-डीजल तेल के रोजाना बढ़ते दाम और जनता को कोरोना जैसी भीषण महामारी के बाद इस महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान मातृ शक्तियां , युवक कांग्रेस के नेता अंकित मिश्रा, रांझी खमरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगत मणि चतुर्वेदी वरिष्ठ नेता राज कुमार सोनकर , लक्ष्मण समुद्रे , सोनू दुबे , गोकलपुर अधारताल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवी दयाल चड्डा , के. के मिश्रा ,अनिल यादव , राजेश श्रीवास , गोल्डी ,युवक कांग्रेस से अर्पित सोनकर, दारा, अंकित पटेल, जुम्मन सेन, सौरभ जायसवाल, ओम यादव, अजय ठाकुर, जफर खान, रितेश सिंह, जॉय जेम्स, दुर्गेश पाल, शिक्कू, साहिल ठाकुर, दीपू डागोर, कल्लू, करन यादव, शिवांश, रवि ठाकुर,हन्नु भाईजान, रानू, रिंकू पासी, आदि जन उपस्थित रहे।

जिले का शत प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त करने वाला पहला ग्राम पंचायत बना पटना कला

अनूपपुर। टीकाकरण महा अभियान के तहत खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री अनूपपुर तथा कलेक्टर अनूपपुर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला अनूपपुर से लगभग 18 किलोमीटर दूरी पर स्थित जनपद पंचायत जैतहरी के पटना कला ग्राम पंचायत में टीकाकरण अभियान जिला प्रशासन द्वार चलाया गया है , जिसमें टीकाकरण को लेकर उत्साह देखने को मिला और भारी मात्रा में टीका लगवाने टीकाकरण केंद्र पहुंचे जिसमें 18 वर्ष से ऊपर 1845 लोगों का सत प्रतिशत टीकाकरण किया गया और ग्राम पंचायत पटना कला के लगभग 450 बैगा जातियों का भी वैक्सीनेशन कराया गया साथ ही बुजुर्ग लोग भी पहुंचे। उपस्थित जैतहरी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश कुमार तिवारी, ग्राम पंचायत पटना कला के सचिव रमाकांत तिवारी, सरपंच श्रीमती तीजिया बाई, उपसरपंच लवकेश सिंह, रोजगार सहायक श्रीमती शोभिका सिंह, नोडल अधिकारी संजय कुमार तिर्की ,संजय नामदेव शिक्षक , ममता बैगा, एनम मंजू पटेल, मीरा गुप्ता , रेनू सिंह, प्रभा सिंह मीनू सिंह ,रामकली, सुनीता सिंह भारती सिंह ,विमल सिंह ,नारायण सिंह , जितेंद्र सिंह ,राज बहादुर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, दुर्गेश सिंह सुदीप सिंह, प्रशांत सिंह ,अवधेश सिंह, सुमंत विश्वकर्मा ,रामपाल सिंह ,राज सिंह, नितिन सिंह गंगा सिंह ,अरुण सिंह , पुष्पेंद्र सिंह सोहन सिंह, कुंवर सिंह, घनश्याम चौधरी ,संतोष रजक, आशीष सिंह उपस्थित रहे तथा लोगों का मनोबल बढ़ाया जिसके वजह से ग्राम पंचायत पटना कला में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जा सका । साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा अंतिम दिन वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित ग्रामीणों को एवं शासकीय कर्मचारी अधिकारी ग्रामवासी तथा जन सहयोगी कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर किया गया।

सेवानिवृत्त खेल अधिकारी संतोष सिंह राजपूत का सम्मान

जबलपुर । जिला बालीवाल संघ के तत्वावधान में सदर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी संतोष सिंह राजपूत का मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक भागवत सिंह चौहान संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव नीलम चंसौरिया ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस मौके पर संघ के महासचिव हरीश चौहान, डॉ एन पी झारिया ,अर्जुन अवॉर्डी सुश्री मधु यादव जिला खेल अधिकारी जबलपुर प्रदीप रावत ,साई सेंटर प्रशासक कुलदीप सिंह बरार ,डॉ प्रशांत मिश्रा मंचासीन रहे । सभी अतिथियों ने श्री राजपूत का भावभीना अभिनंदन किया। संघ की सचिव नीलम चंसौरिया ने श्री राजपूत के कार्यकाल के दौरान वालीबाल संघ को मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और वालीबाल परिवार से जोड़ने का आग्रह किया । इस मौके पर विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी शानू यादव , दिनेश ठाकुर, नागेश राव का भी शाल व श्रीफल प्रदान कर अभिनंदन किया गया कार्यक्रम के दौरान प्रेम कुशवाहा,जीपी वैद, शैलेंद्र सोनी कमलजीत सैनी ,डीएस चंदेल, मधुबाला ठाकुर ,माधुरी शर्मा आदि उपस्थित रहे । संचालन अशोक नामदेव पंकज शुक्ला ने किया।

होटलों में घरेलू गैस का हो रहा उपयोग

वेंकट नगर । अनूपपुर जिले के अंतिम छोर में स्थित वेंकट नगर में लगभग होटलों में घरेलू गैस का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है किंतु इस और ना ही फूड विभाग ध्यान दे रहा है और ना ही अन्य अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है बताया जाता है कि होटलों में नियम के अनुसार कमर्शियल गैस का उपयोग होना आवश्यक है घरेलू एवं व्यावसायिक गैस में कीमतों में अंतर है जिस कारण होटल संचालक सस्ते दर में घरेलू गैस का उपयोग अपने अपने होटलों में कर रहे हैं **गल्ला दुकान से गैस की सप्लाई** सूत्र बताते हैं कि वेंकट नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित एक गल्ला दुकान से घरेलू एवं व्यवसायिक गैस की सप्लाई की जा रही है जबकि ज्वलनशील पदार्थ को बाजार क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए लेकिन गल्ला दुकान संचालक द्वारा लगभग 2 से 3 दिनों में 20 से 30 गैस सिलेंडर जैतहरी से मंगा कर बेचा जा रहा है हालांकि बताया जाता है कि उक्त गैस सिलेंडर पुराने कनेक्शन धारियों को प्रदाय किया जा रहा है लेकिन गैस सिलेंडर को इकट्ठे एक स्थान पर स्टाक रखना कहां का नियम है।

न्यायोचित मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

सिहोरा । प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की न्यायोचित मांगो के संबध में म. प्र. अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चे के आव्हान पर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौपा जिसमें कहा गया है की 1 जुलाई 020 से 1 जुलाई 2021 की वेतन वृद्धि का लाभ तत्काल देने के साथ ,केन्द्र के समान महगाई भत्ता ,वेतन विसंगति का सुधार कर ग्रेड पे 2800 किया जाये,पदोन्नति का अतिशीघ्र निराकरण किया जाये,आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाये,विभिन्न शासकीय विभागों मे भर्ती पर लगी रोक हटाई जाये,कोविड 19 में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को बंधन मुक्त अनुकम्पा नियुक्ति दी जाये सहित अनेक मांगे शामिल है । इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अमित कुररिया, जयप्रकाश तिवारी, अर्जुन गर्ग,राजु भैया पटवा,आनंद चौकसे,आशीष गुप्ता, संतोष उरमलिया, सतीष तिवारी,प्रीति साहू आदि शामिल थे।

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 2 घायल

पुष्पराजगढ। बीते दिनांक की शाम लगभग 5 बजे एक ट्रैक्टर जो कि गिट्टी, रेत, और पाइप लोड करके प्लांट से खाटी की तरफ जा रहा था ट्रैक्टर जैसे ही बंजारी घाट पहुँचा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्राली सहित पलट गया जिससे 2 व्यक्ति घायल हो गए वही ग्रामीणों की मदत से घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ लाया गया जहां एक व्यक्ति की हालत नाजुक होने से उसे जिला चिकित्सालय अनुपपुर रेफर कर दिया और 1 व्यक्ति का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ में इलजा किया जा रहा है घायलों की पहचान मिलन कुमार 19 लक्खू पडरिया एवं ऋषि कुमार 17 रामदीन सिंह खाटी के रुप में हुई है।

कल शहर के 7 केन्द्रों में होगा कोविड वेक्सीनेशन

कटनी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 22 जुलाई को कोविड वेक्सीनेशन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सात केन्द्रों पर होगा। जिसमें शत-प्रतिशत ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से ही टीकाकरण किया जायेगा। निर्धारित केन्द्रों के अनुसार पुरानी कचहरी परिसर कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल एन.के.जे, ऑर्डनेंस हॉस्पिटल कटनी, ए.सी.सी हॉस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधव नगर, सेवा भारती सरस्वती स्कूल और तिलक कॉलेज में कोविड वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किये जायेंगे।

किसानों के भुगतान की बैठक में समीक्षा

सिहोरा। ज्वाइंट कमिश्नर को आपरेटिव पी के सिद्धार्थ द्वारा संभाग के सहकारिता विभाग के उप सहायक पंजीयक जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के महाप्रबंधक एंव मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों के आत्मनिर्भर भारत योजना वर्ष 21-22 हेतु बसूली कार्य योजनाएं समितियों में खाद की उपलब्धता तथा गेहूँ, चना ,सरसो,मसुर, उपार्जन के अंतर्गत किसानों के भुगतान की जूम आनलाइन मिटिंग के माध्यम से सघन समीक्षा की गई बैठक में किसानों के कर्ज चुकाने के संबध में एंव सभी समितियों में यूरिया एंव डीएपी की भी मांग के अनुरूप उपलब्धता बनाये रखने के भी निर्देश दिए गये रवि सीजन में जिन किसानों द्वारा गेहूँ ,चना, सरसो,मसूर एंव उडद का विक्रय समर्थन मुल्य पर किया गया है उन्हे उनकी उपज का शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए समीक्षा बैठक में अपेक्स बैक के संभागीय प्रबंधक पंकज गुप्ता एंव अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

निशा मिश्रा व अयाज अली बने क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड के सदस्य

जमुना कोतमा एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी श्रमिक संगठन संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने कार्य कुशलता को देखते हुए श्रीमती निशा मिश्रा व अयाज अली को क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड का सदस्य बनाया गया है निशा मिश्रा व अयाज अली को क्षेत्रीय कल्याण समिति का सदस्य बनाए जाने पर बधाई देने वालों में मजदूर नेता हरिद्वार सिंह क्षेत्रीय सचिव लालमन सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष राजकुमार शर्मा क्षेत्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष करण लाल आमाडा? ओसीपी के अध्यक्ष बीडी सिंह इकाई जेसीसी संजय दुबे श्याम लाल पटेल पवन कुमार अवधेश साहू नंदलाल पटेल राजेश पटेल रफीक मोहम्मद आसिफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विधानसभा कोतमा के सचिव शेख महमूद आमाडा? एवं समस्त अधिकारी पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहां है कि एटक श्रम संघ अब और मजबूत होगा और श्रमिक समस्याओं को निराकरण कराने में श्रम संघ सक्षम होगा क्षेत्रीय सचिव लालमन सिंह ने क्षेत्रीय कल्याण समिति का सदस्य बनाया जाने की सूचना क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र के अलावा महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र महाप्रबंधक संचालन स्टाफ ऑफिसर सिविल स्टाफ ऑफिसर विद्युत यांत्रिकी और अध्यक्ष एसकेएमएस एटक को भी दे दी है।

इंद्र को मनाने के लिए नगर की बड़ी खेरमाई माता मंदिर में सीताराम सीताराम अखंड कीर्तन प्रारंभ

बघराजी। रूठे इंद्र को मनाने के लिए सोमवार से नगर की बड़ी खेरमाई माता मंदिर विधि विधान से पूजन अर्चना कर माता के सामने अर्जी लगाई । ज्ञात हो कि नगर की परंपरा रही है कि हर वर्ष अच्छी बारिश की कामना को लेकर इंद्र को मनाने के लिए अखंड कीर्तन सीताराम सीताराम भजन चल रहा भजन समिति के द्वारा आयोजित किया गया है अखंड कीर्तन में खेरमाई माता के पंडा सुखचैन जी राजा मालगुजार एम एल बागरी रामनारायण दुबे सुरेंद्र खरे ओंकार साहू नंदन जैन नरेश दहिया प्रहलाद दुबे मुकेश तिवारी अजीत साहू एवं महिला सहित में श्रद्धालु भजन में सहयोग प्रदान किया गया।

डिण्डोरी विधायक का व्यवहार गरिमा के विपरीत : मोहन यादव

उच्च शिक्षा मंत्री ने नर्मदा उद्गम मन्दिर में की पूजा

अमरकंटक । डिण्डोरी विधायक जनप्रतिनिधि हैं , मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रहे हैं । उन्हे जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रमों में आमंत्रित करके पर्याप्त सम्मान दिया गया। इसके बावजूद यदि वे सरकार को बदनाम करने के लिये ऐसी हरकत करते हैं तो ये उनके लिये शर्मनाक है । अमरकंटक प्रवास पर पहुंचे मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने डिण्डोरी की घटना पर उक्त विचार व्यक्त किये।

मंत्री श्री यादव ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हे इसकी पूरी जानकारी है कि डिण्डोरी विधायक को सभी कार्यक्रमों में जिला प्रशासन ने आमंत्रित किया था। सभी मंचों पर उनका नाम था। मेरे साथ उन्होंने पोस्टर और पुस्तक का विमोचन किया । जिला क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में वे शामिल हुए। इसके बाद भी यदि वो ऐसी हरकत करके सरकार को बदनाम करते हैं तो यह गरिमा के विरुद्ध है तथा स्वयं उनके लिये शर्मनाक है। श्री यादव ने कहा कि वे जनप्रतिनिधि हैं, पूर्व में मंत्री रहे हैं । जिला प्रशासन द्वारा इतना सम्मान देने के बाद भी यदि वो ऐसा करते हैं तो इससे गरिमा घटती है। यह सस्ता राजनैतिक हथकण्डा है ,उन्हे इससे बचना चाहिए ।?

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई , सोमवार को डिण्डोरी के प्रभारी मंत्री श्री यादव जब विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने डिण्डोरी पहुंचे तो वहाँ के विधायक और पूर्व मंत्री ओमकार सिंह ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन्हे मंत्री से मिलने नहीं दिया जा रहा। उनका एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें पुलिस उन्हे उठाकर सडक के किनारे रोकती दिख रही है और विधायक कलेक्टर पर गुण्डागर्दी करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इस घटना के बाद मंत्री अमरकंटक पहुंचे , जहाँ उन्होंने उक्त घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

समाजसेवी भगवत शरण माथुर से की सौजन्य भेंट

इससे पूर्व श्री यादव अमरकंटक नर्मदा उद्गम मन्दिर पहुंचे और माता नर्मदा की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया। पुष्पराजगढ एसडीएम अभिषेक चौधरी, नपा अध्यक्ष प्रभा पनाडिया, उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी , नायब तहसीलदार आदित्य द्विवेदी ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। इसके पश्चात श्री यादव बरातीधाम स्थित श्री नर्मदे हर सेवा न्यास पहुंचे । जहाँ उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी, चिंतक, विचारक भगवत शरण माथुर से सौजन्य भेंट की। सह भोज के दौरान दोनो नेताओं के बीच अमरकंटक के समग्र विकास, उच्च शिक्षा के विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर अनौपचारिक चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज द्विवेदी, जन अभियान परिषद के जिला प्रमुख उमेश पाण्डेय, शिव चौधरी, जितेन्द्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रॉपर्टी की लालच में महिला अधिवक्ता को डराने का प्रयास

अधिवक्ता पति पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की लगाई गुहार

जबलपुर,यशभारत। नानी द्वारा अपनी पोती को वसीयत दिए जाने का विरोध भाई और पिता ही कर रहे हैं। इतना ही नहीं इनके द्वारा महिला अधिवक्ता और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां लगातार दी जा रही हैं है। मामला ओमती थाना अंतर्गत डिसाइपल चर्च कम्पाउण्ड में रहने वाली अनुभूति योगी का है। जिन्होंने मिश्रण को बताया है कि वह न्यूजीलैंड में अपने पति के साथ निवास करती हैं। पूर्व में उनकी नानी द्वारा अपनी प्रॉपर्टी की वसीयत उनके नाम कर दी गई है। जिसके बाद से पिता और भाई लगातार उन पर प्रॉपर्टी हड़पने के लिए दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं इन लोगों ने असामाजिक तत्वों के माध्यम से पीड़ित पति पत्नी को धमकाने का भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। अनुभूति के पिता और भाई द्वारा उक्त मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और लगातार प्रयास किया जा रहा है कि दबाव में आकर महिला अधिवक्ता उक्त प्रॉपर्टी पर अपना मालिकाना हक छोड़ दे अनुभूति द्वारा मामले की शिकायत ओमती थाने में की गई है, लेकिन पारिवारिक विवाद के नाम पर अनुभूति को लगातार दी जा रही धमकियों को पुलिस द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। मामले को लेकर पति पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

हरियाली महोत्सव पर कोरोना का शिकंजा

अनूपपुर। राजेन्द्रग्राम थाना परिसर में हरियाली महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुये स्थानीय प्रशासन द्वारा मुस्लिम समुदाय एवं गणमान्य नागरिक पत्रकारों के बीच शांति समिति की बैठक आहूत की जिसमें मुख्य रूप से 21 जूलाई को बकरीद के त्यौहार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही आगामी दिनों में आने वाले त्यौहार हरियाली अमावस्या के त्योहारों को भी शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र तरीके से मनाये जाने का निर्णय लिया गया।

माल गाड़ियों की गति 60 केएमपीएच से पार

पांच महीने में पमरे भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल में भी फ्रेट मालगाड़ियों की गति को 60 चद्वश्चद्ध से पार करने के लिए संचालन की समुचित व्यवस्था करके इस लक्ष्य को हासिल किया है। पिछले पाँच महीने से पमरे लगातार भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। गौरतलब है कि पमरे ने पिछले वर्ष 10 से ज्यादा ऑपरेशनल कंस्ट्रेंट्स हटाये है। जिससे फ्रेट की गति को 60 चद्वश्चद्ध से अधिक संचालन निष्पादित करने में भारतीय रेल में सर्वश्रेष्ठ रेकॉर्ड रहा है। पमरे द्वारा वर्ष 2020-21 में ऑपरेशनल कंस्ट्रेंट्स को हटाने के लिए मुख्यतः इन कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया।

दोहरीकरण, तिहरीकरण एवं गति प्रतिबंध हटाना पमरे के जबलपुर मण्डल पर लम्बे ब्लॉक सेक्शनों पर दोहरीकरण और तिहरीकरण तथा गति प्रतिबंध का कार्य पूर्ण किये। जिसमें इटारसी-जबलपुर रेलखंड पर बागरातवा से सोनतलाई के बीच दोहरीकरण और साथ ही डॉउन दिशा में 03 एवं अप दिशा में 02 गति प्रतिबंध का कार्य, कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड पर गोंदवाली से महदेईया के बीच दोहरीकरण, सतना-रीवा रेलखण्ड पर सतना से कैमा के बीच दोहरीकरण , बीना-कटनी रेलखण्ड पर मकरोनिया से लिधौराखुर्द के बीच तिहरीकरण एवं हरदुवा से रीठी के बीच तिहरीकरण के कार्य को पूर्ण करके और गति प्रतिबंध को हटा कर सेक्शन की क्षमता बढ़ी जिससे फ्रेट की गति 60 चद्वश्चद्ध से अधिक करने में काफी सहायक सिद्ध हुई।

इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल एवं पैनल इंटरलॉकिंग* – पमरे के जबलपुर मण्डल पर इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल स्थापित करके फ्रेट की गति को ब?ाया गया है। मुख्य रेल खण्डों पर आईबीएस स्थापित किये जो इस प्रकार है । देवरी-गोसलपुर, भे?घाट-भिटौनी, भिटौनी-बिक्रमपुर, श्रीधाम-बिक्रमपुर एवं सालीचौका-गाडरवारा के ब्लॉक सेक्शनों में स्थापित किया गया जिससे रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि हुई और ट्रेनों के संचालन भी ब?ा। यह सभी ब्लॉक सेक्शन काफी लंबे थे जिससे दो हिस्सों में बांट कर सेक्शन की क्षमता में वृद्धि हुई है। झुकेही-

कैमोर रेलखण्ड पर ननवारा और मेहगांव यार्ड में पैनल इंटरलॉकिंग लगाकर 15 चद्वश्चद्ध की सेक्शन स्पीड को ब?ाकर 50 चद्वश्चद्ध कर दिया गया। जिससे गुड्स ट्रेन की मोबिलिटी में वृद्धि हुई है।

यार्ड रिमॉडलिंग* – पमरे के जबलपुर मण्डल पर न्यू कटनी जंक्शन में यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य को पूरा किया जिसमें मुख्यतः लूप लाईन की लम्बाई ब?ाई गई और साथ ही साथ 02 क्रॉस ओवर डालकर यार्ड की शंटिंग एवं रनिंग फ्लेक्सिबिलिटी ब?ाई गई। जिसके कारण गा?ियों के डिस्पेश और रिसीव में डिटेंशन को कम से कम किया गया। इससे फ्रेट गा?ियों की गति ब?ी है।

कटिंग एवं ब्रिजों पर गति प्रतिबंध हटाना* – पमरे में पुराने ब्रिजों के गर्डर को बदलना एवं सुधारीकरण में उच्च गुणवत्ता के साथ रखरखाव किया गया। ब्रिजों के गति प्रतिबंध को भी हटाया गया। जिस कारण मालगा?ियों की संचालनकी गति में वृद्धि हुई। जबलपुर मण्डल के निवार ब्रिज के डॉउन दिशा में 30 चद्वश्चद्ध की गति प्रतिबंध को हटाया गया। इसी प्रकार रतनगांव से सलैया के बीच 40 चद्वश्चद्ध की गति प्रतिबंध को भी हटाया गया।

पश्चिम मध्य रेल फ्रेट की गति को और ब?ाने के लिए पमरे के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा मुख्यालय के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षो और मण्डलों के मंडल रेल प्रबंधक के टीम वर्क के साथ कार्य करने की काफी सराहना मिली है।

सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

स्टेफनी टेलर को पछाड़ा- फिर राज करेंगी मिताली बनीं नंबर 1

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टेस्ट और वनडे कप्तान मिताली राज फिर एकदिवसीय क्रिकेट में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की। अभी कुछ दिन पहले कैरेबियन महिला बल्लेबाज टेलर ने वनडे में पहला स्थान हासिल किया था। लेकिन आईसीसी की ताजा रैंकिंग में एक बार फिर मिताली राज ने बाजी मारते हुए एकदिवसीय क्रिकेट में पहली रैंक हासिल की। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 20 जुलाई (मंगलवार) को एकदिवसीय महिला बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग जारी की। जिसके बाद मिताली 762 अंकों के साथ एक बार फिर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई। दूसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका की लिजले ली हैं उनके 758 रेटिंग अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 756 अंकों के साथ तीसरे वहीं इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट 754 अंकों के साथ चौथे नंबर पर काबिज हैं। बीते हफ्ते आईसीसी की महिला एकदिवसीय रैंकिंग में पहला स्थान पाने वाली स्टेफनी टेलर अब खिसककर पांचवें नंबर पर चली गई हैं और उनके 736 अंक हैं। मिग लैनिंग 723 अंकों के साथ छठे, एमी सैटरवेट 715 अंकों के सातवें, नेटली साइवर 706 अंकों के साथ आठवें, स्मृति मंधाना 701 अंक के साथ नवें जबकि 683 अंको के साथ लौरा वॉल्वार्ट 10वें स्थान पर काबिज हैं। 6 साल से भी अधिक समय पूर्व पहली बार बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंचने के बाद मिताली नौवीं बार नंबर एक बल्लेबाज बनीं हैं। पिछली रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही वेस्टइंडीज की कप्तान स्टेफनी टेलर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। गेंदबाजों की सूची में झूलन गोस्वामी पांचवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जबकि ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा 10वें स्थान पर हैं। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज मंधाना अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की बराबरी करते हुए तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 में 70 रन की पारी खेली थी जो पिछले हफ्ते इस प्रारूप में उनका एकमात्र मुकाबला था। मंगलवार को हुए साप्ताहिक अपडेट में वेस्टइंडीज की कप्तान टेलर को 30 अंक का नुकसान हुआ। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पांच मैचों की श्रृंखला में 3-2 से हराया। टेलर को साप्ताहित रैंकिंग के दौरान तीन मैचों में से दो में बल्लेबाजी का मौका मिला और उन्होंने 49 और 21 रन बनाए। श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद शतक की बदौलत एक दिवसीय रैंकिंग में पिछले हफ्ते शीर्ष पर पहुंची टेलर ने ऑलराउंडरों की सूची में भी शीर्ष स्थान ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी को गंवा दिया है। तीन मैचों में टेलर को कोई विकेट नहीं मिला जिससे वह आलराउंडरों की सूची में भी तीन स्थान नीचे खिसक गई।

60 मैचों की तुलना 2000 घरेलू मैचों से करना गलत

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी जैसे राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की जगह ग्लैमर और चकाचौंध से भरे इंडियन प्रीमियर लीग को तरजीह देने के आरोपों को अनुचित और गैरजरूरी करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस लीग के 60 मैचों के आयोजन और घरेलू मुकाबलों के 2000 से अधिक मैचों के आयोजन में जमीन-आसमान का फर्क है। कोविड-19 महामारी के दौरान हजारों खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों के लिए जैव-सुरक्षित माहौल बनाने की परिचालन संबंधी कठिनाइयों के कारण पिछले साल रणजी ट्रॉफी के अलावा जूनियर स्तर के किसी भी घरेलू क्रिकेट का आयोजन नहीं हुआ था। टूर्नामेंटों के आयोजन नहीं होने से खिलाड़ियों की कमाई नहीं हो सकीं, तो वही दूसरी तरफ बीसीसीआई को आईपीएल पर ज्यादा ध्यान देने के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। गल्फ न्यूज के मुताबिक टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों के लिए दुबई और मस्कत गए शाह ने कहा, मुझे लगता है कि आलोचना गैरजरूरी और अनुचित है। हमने 2020 में भी महामारी के बीच में, सभी सावधानियों के साथ सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट, विजय हजारे टूर्नामेंट और सीनियर महिला एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया। शाह ने कहा कि दोनों आयोजनों में मैचों की संख्या और आवश्यक लॉजिस्टिक्स की तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, आईपीएल की तुलना किसी अन्य भारतीय घरेलू टूर्नामेंटों से करना सही आंकलन नहीं होगा। आईपीएल फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट है और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ के लिए एक मंच है, जहां वे अपना कौशल दिखा सकते हैं। शाह ने कहा, भारतीय घरेलू सत्र में 2000 से अधिक मैच होते हैं, जबकि आईपीएल में 60 मैच खेले जाते हैं। भारत में क्रिकेट प्रणाली काफी बड़ा और विविधतापूर्ण है, जब इतने सारे राज्य कोविड-19 महामारी से जूझ रहे हो तब पूरे सत्र का आयोजन करना आसान नहीं होगा। आईपीएल का आयोजन सात सप्ताह का होता है, जबकि पुरुषों, महिलाओं और आयु वर्ग के क्रिकेट के साथ पूरे घरेलू सत्र में 38 टीमों के साथ पूरा होने में लगभग छह महीने लगते हैं। शाह ने अंडर-19 और अंडर-16 टूर्नामेंटों के आयोजन नहीं करने को सही ठहराते हुए कहा, आपको पूरे घरेलू सत्र में यात्रा और इसमें लगने वाले समय को भी ध्यान में रखना होगा। ऐसी परिस्थितियों में वे अपनी जान जोखिम में डाल रहे होंगे, जो कभी नहीं होना चाहिए। ऐसे माहौल में आयु वर्ग के टूर्नामेंट का आयोजन करना और युवा क्रिकेटरों के करियर को खतरे में डालना सही नहीं है। उन्होंने कहा, हमने स्थिति में सुधार के बाद पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए आयु समूहों में 2127 घरेलू मैचों के पूरे सत्र की घोषणा की है।

दीपक चाहर ने दिखाया दम, भुवनेश्वर के साथ रिकॉर्ड साझेदारी कर भारत को जिताया मैच

भारत ने श्रीलंका को दूसरे वनडे में तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन एकदिवीसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत को मैच जिताने में दीपक चाहर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए श्रीलंकाई मंसूबों पर पानी फेर दिया। दीपक ने पहले गेंदबाजी में कमाल किया उसके बाद बल्लेबाजी में इतिहास रचते हुए नाबाद 69 रन बनाकर टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाज भुवनेश्वर कुमार के साथ 84 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी कर हारा हुआ मैच भारत की झोली में डाल दिया। दीपक चाहर को गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। इस मैच में दीपक चाहर की बात करें तो वह उस वक्त बल्लेबाजी करने आए जब भारत के 193 रनों पर सात विकेट गिर चुके थे। ऐसे में टीम इंडिया की जीत की उम्मीद कम ही थी। लेकिन किस पता था कि यह दीपक दिन है और वह मुकाबले में छा जाएंगे। पहले उन्होंने मैच में धीमी शुरूआत की। लेकिन जैसे-जैसे समय बीता उन्होंने हालात के मुताबिक गियर बदला। इस दौरान भुवनेश्वर कुमार ने सीट एंकर की भूमिका निभाई और उनके साथ मैदान पर डटे रहे। बल्लेबाजी करते हुए दीपक चाहर ने इस मैच में इतिहास रच दिया। वह भारत की तरफ से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 50 या उससे अधिक रन बनाने वाले टीम इंडिया के सातवें बल्लेबाज हैं। आठवें नंबर पर भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा तीन, अजीत अगारकर दो, कपिल देव, सबा करीम, सुनील जोशी, इरफान पठान और दीपक चाहर ने एक-एक बार 50 ये उससे अधिक रन बनाए हैं। वहीं अगर साझेदारी की बात की जाए तो आठवें विकेट के लिए वनडे में भारत की तरफ से यह दूसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। इससे पहले साल 2017 में महेंद्र सिंह धोनी और भुनवेश्वर कुमार ने श्रीलंका के खिलाफ अविजित 100 रनों की साझेदारी की थी। वहीं अब दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार की जोड़ी आठवें विकेट के लिए नाबाद 84 रनों की साझेदारी कर दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इसके अलावा साल 2009 में हरभजन सिंह और प्रवीण कुमार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठवें विकेट के लिए 84 रन जोड़े थे।

शिल्पा शेट्टी की हंगामा 2 धांसू फिल्में और वेब सीरीज़

नई दिल्ली। इस हफ़्ते कई अहम फ़िल्में और वेब सीरीज़ रिलीज़ हो रही हैं। इनमें हंगामा 2 शामिल है। इस फ़िल्म से शिल्पा शेट्टी बहुत लम्बे गैप के बाद फ़िल्म में मुख्य किरदार में दिखायी देंगी। शिल्पा की यह पहली फ़िल्म भी है, जो सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही है। इसके अलावा आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप का भी डायरेक्टोरियल डेब्यू इस हफ़्ते होगा। चलिए, विस्तार से बताते हैं कि किस प्लेटफॉर्म पर कौन सी फ़िल्म आ रही है।

हंगामा 2

डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर 23 जुलाई को रिलीज़ हो रही है। प्रियदर्शन निर्देशित कॉमेडी फ़िल्म की कहानी मुख्य रूप से मीज़ान और प्रणिता सुभाष के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। वहीं, शिल्पा शेट्टी, परेश रावल, राजपाल यादव, आशुतोष राणा, जॉनी लीवर और राजपाल यादव सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फ़िल्म हंगामा फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाती है। हालांकि, इस बार प्रियदर्शन ने अपनी 1994 की मलयालम फ़िल्म को रीमेक किया है। 23 जुलाई को हंगामा 2 को टक्कर देने एक और दिलचस्प फ़िल्म आ रही है। यह है 14 फेरे, जिसमें विक्रांत मैसी और कृति खरबंदा लीड रोल्स में हैं। नेटफ्लिक्स पर थ्रिलर फ़िल्म हसीन दिलरूबा में अपने काम के लिए तारीफ़ें बटोरने वाले विक्रांत की यह फ़िल्म हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है। फ़िल्म का निर्देशन देवांशु सिंह ने किया है और मनोज कलवानी ने लिखा है। अमेज़न प्राइम वीडियो पर 23 जुलाई को हॉस्टल डेज़ का दूसरा सीज़न रिलीज़ हो रहा है। टीवीएफ की यह सीरीज़ कॉलेज और हॉस्टल के दिनों की याद दिलाती है। शो में आदर्श गौरव लीड रोल में हैं, जो द व्हाइट टाइगर में अपनी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ़ें बटोर चुके हैं। हॉस्टल डेज़ के जूनियर्स अब सीनियर्स बन चुके हैं। इस सीरीज़ में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स की रोज़मर्रा की ज़िंदगी दिखायी जाती है। कहानी अंकित, चिराग, जाट और जतिन के इर्द-गिर्द घूमती है। इनकी दोस्ती, मस्ती, शरारतें, प्रेम प्रसंग हॉस्टल डेज़ की कहानी बुनते हैं। 23 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर फील्स लाइक इश्क़ एंथोलॉजी सीरीज़ रिलीज़ हो रही है, जिसमें 6 कहानियां दिखायी जाएंगी। इन्हें रुचिर अरुण, ताहिरा कश्यप, आनंद तिवारी, दानिश असलम, जयदीप सरकार, सचिन कुंदालकर और देवरथ सागर ने निर्देशित किया है। ताहिरा का यह डायरेक्टोरियल डेब्यू है। उनकी कहानी का नाम क्वारंटीन क्रश है। काजोल चुग और मिहिर आहूजा लीड रोल्स में हैं।

रॉकी रणवीर सिंह के साथ शेयर की सेल्फी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक करण जौहर कई सालों में फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से निर्देशन के क्षेत्र में वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं और फिल्म की तैयारियों में जोरो से जुटे हुए हैं। अब उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी शेयर की है, जिसमें वो अभिनेता रणवीर सिंह के साथ दिख रहे हैं। इस तस्वीर में करण जौहर व्हाइट शर्ट पहने दिख रहे हैं, तो वही अभिनेता व्हाइट टी-शर्ट और एक गोल कैप लगाए दिख रहे हैं। साथ ही दोनों स्टाइलिश सनग्लासेस पहने दिखाई दे रहे हैं।

सेल्फी को इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक्टर रणवीर सिंह को टैग करते हुए करण जौहर ने लिखा, 'रॉकी उसका नाम!'

हाल ही में उन्होंने एक तस्वीर शेयर कर बताया था कि वो अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए लोकेशन सर्च करना शुरू कर दिया है। बता दें कि इस फिल्म की घोषणा करण जौहर ने अभिनेता रणवीर सिंह के बर्थडे यानी 6 जून को एक वीडियो शेयर कर की थी। वीडियो में उन्होंने फिल्म का नाम और कास्ट की घोषणा की थी। आपको बता दें कि फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी दूसरी बार स्क्रीन पर नजर आएगी। इससे पहले इस जोड़ी को साल 2019 में रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'गली बॉय' में देखा गया था। इशिता मोइत्रा, शशांक खेतान और सुमित रॉय द्वारा लिखित इस फिल्म में रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आज़मी भी अहम किरदार में प्ले करती नजर आएगी। वही बात अगर दोनों के वर्कफ्रंट की तो दोनों इस साल बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। बात अगर रणवीर सिंह की करें तो वो जल्दी ही रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वालें हैं इसके अलावा वो फिल्म 83 और सर्कस में नजर आने वाले हैं। वहीं आलिया भट्ट की बात करें वो बहुचर्चित फिल्म आरआरआर में सीता के लीड रोल प्ले करती दिखाई देंगी। इसके अलावा वो संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में नजर आने वाली हैं।

मुंबई से इंग्लैंड की कंपनी को अश्लील कंटेंट भेजते थे राज कुंद्रा

नई दिल्ली। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उन पर अश्लील फिल्में बनाने का आरोप है। राज कुंद्रा को सोमवार को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद कोर्ट में पेश करने के बाद 23 जुलाई तक के लिए उन्हें पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। अब राज कुंद्रा को लेकर कई हैरान कर देने वाले खुलासे हो रहे हैं। राज कुंद्रा मोबाइल एप हॉटशॉट्स के जरिए अश्लील फिल्मों को संचालन करते थे। इस एप को उन्होंने इंग्लैंड की एक कंपनी को बेच दिया था। इस कंपनी को उनके बहनोई प्रदीप बक्शी चलाते थे। अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के अनुसार राज कुंद्रा की कस्टडी के बाद पुलिस ने उनके पूरे अश्लील फिल्मों के जाल के बारे में बताया। पुलिस के अनुसार राज कुंद्रा ने साल 2019 में अपनी एप हॉटशॉट्स को इंग्लैंड की कंपनी बहनोई प्रदीप बक्शी बेच दिया था। प्रदीप बक्शी की कंपनी का नाम केनरिन प्राइवेट लिमिटेड (च्द्गठ्ठह्लद्बठ्ठ क्ष्ह्ल स्ह्लस्त्र) था, लेकिन हॉटशॉट्स पर चलने वाले कंटेंट को मुंबई से संचालित किया जाता था। यह काम राज कुंद्रा के द्वारा किया जाता था। पुलिस के मुताबिक राज कुंद्रा हॉटशॉट्स एप के जरिए अश्लील वीडियो स्ट्रीमिंग में शामिल थे। हॉटशॉट्स को अब मोबाइल प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। राज कुंद्रा अपनी कंपनी वियान इंडस्ट्रीज के ऑफिस से इंग्लैंड की फर्म केनरिन प्राइवेट लिमिटेड को चलाते थे। मुंबई पुलिस ने बताया कि राज कुंद्रा ने कहा कि उन्होंने 2019 में हॉटशॉट्स को इंग्लैंड की कंपनी केनरिन प्राइवेट लिमिटेड को 25,000 डॉलर में बेच दिया था। गौरतलब है कि सोमवार देर रात मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राज कुंद्रा को अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद राज को प्रॉपर्टी सेल द्वारा मेडिकल जांच के लिए जेजे अस्पताल ले जाया गया। वहीं राज कुंद्रा पुलिस कस्टडी में भेजने के बाद मंगलवार शाम को मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर मिलिंद भराम्बे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरे मामले की जानकारी मीडिया को दी और केस का सिलसिलेवार ब्योरा दिया। ज्वाइंट सीपी ने इस कारोबार को करने के तौर-तरीकों पर रोशनी डाली।

पिकअप पलटा, 1 की मौत, 20 घायल

डिंडौरी से धान का रोपा लगाने पनागर जा रहे थे श्रमिक

जबलपुरयशभारत। पनागर के उमरिया चौबे सड़क हादसे पर एक युवती की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि 20 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब लोडिंग वाहन में भरकर डिंडौरी से मजदूर पनागर धान का रोपा लगाने आ रहे थे, तभी सड़क में डली गीली मिट्टी से तेज रफ्तार लोडिंग वाहन पिकअप चालक से अनियंत्रित हो गया और कई लुढकनी खाकर पलट गया।

हादसे के बाद सभी घायलों को विक्टोरिया जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पनागर पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब छह बजे उमरिया चौबे स्कूल के पास पनागर में ये हादसा हुआ। सभी मजदूर डिंडोरी जिले के ग्राम टिकरा बांधा के रहने वाले हैं। हादसे में युवती उषा गौड़ (20) की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं 20 से ज्याद मजदूरों के घायल होने की खबर है। घायलों में भी कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी मजदूर लोडिंग वाहन एमपी 20 जीबी 3067 में सवार थे। सरकारी स्कूल के पास अनियंत्रित हुआ वाहन सभी पनागर के बह्मनौदी गांव में एक किसान के खेत में धान का रोपा लगाने के लिए जा रहे थे। बह्मनौदी गांव के लिए चालक ने हाईवे से बरौदा चौक वाला रास्ता पकड़ा। चौबे उमरिया से बड़ौदा चौक के बीच उमरिया चौबे के सरकारी स्कूल के पास लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। वाहन पलटते ही चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया। युवती ऊषा गौड़ को मृत हालत में लाया गया था।

ऐसा ब्रेक लगाया कि सड़क पर आ गए निशान

घटना के संबंध में पनागर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लोडिंग वाहन चालक को एक ट्रेक्टर के सामने आ जाने के कारण पूरी ताकत से ब्रेक लगा दिया जिससे वाहन सड़क में डली गीली मिट्टी से स्लिप हो गया और दूर जाकर पलट गया। ब्रेक लगाने की वजह से सड़क में एक किमी तक निशान बन गए।

ये घायल मजदूर हैं भर्ती

हादसे में टिकरा बांधा जिला डिंडोरी निवासी प्रीतम मरावी, पार्वती, महिमा परस्ते, गायत्री बरकड़े, रामबाई बरकड़े, असवंती बरकड़े, भगवंती सिंह, राहुल बरकडे, फूलबाई बरकड़े, संदीप मरावी, संतोष मसराम, रेखा धुर्वे सहित कुल 20 मजदूर से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।

फोटो- बबलू/ रज्जी शुक्ला

पनागर अधारताल में सड़क हादसे

बस के पिछले चक्के के नीचे आ गया दामाद का सिर, मौत

हादसे में बाइक चालक के पीछे बैठी सास घायल

जबलपुर। थाना अधारताल अंतर्गत एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मारते हुए बाइक चालक को रौंद दिया। हादसे में बाइक चालक दामाद की जहां मौके पर ही मौत हो गयी तो वहीं चालक के पीछे बैठी सास बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि दीपक पुरी गोस्वामी उम्र 33 वर्ष निवासी विनोवा नगर अधारताल ने सूचना दी कि वह ड्रायवरी करता है और अधारताल तालाब के पास स्थित पान टपरा के पास खड़ा था, तभी बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0281 का चालक अपनी बस को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये बिना नम्बर की मोटर साइकिल होण्डा साईन को टक्कर मार दी। मोटर सायकल में एक पुरूष एवं एक महिला बैठे थे जो ठोकर लगने के कारण रोड पर जा गिरे। घायल महिला को उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल विक्टोरिया भिजवाया गया, मोटर सायकल चालक बस के पिछले चके के नीचे आ जाने से सिर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गयी। पतासाजी पर घायल का नाम श्रीमति उषा केवट उम्र 50 वर्ष निवासी महाराजपुर है। वहीं इस दर्दनाक हादसे में प्रीतम केवट उम्र 26 वर्ष निवासी देवरी रामबाग , पनागर का रहने वाला है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

ईद-उल-जुहा पर बधाई

जबलपुर। कलेक्टर जबलपुर कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा ने आज बुधवार को सुबह मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना हजरत मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी से रानीताल ईदगाह में जाकर सौजन्य भेंट करते हुए ईद-उल-जुहा पर बधाई दी। **फोटो- अशोक बर्मन**

किशोरी को भगा ले गया था निगरानीशुदा बदमाश

इंदौर से पुलिस ने किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाकर क्षेत्र का ही एक निगरानीशुदा बदमाश शादी का झांसा देकर इंदौर भगा ले गया और उसका दैहिक शोषण करता रहा। वहीं, घर से अपहृत हुई किशोरी की खोजबीन करने के बाद जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में शिकातय की और निगरानीशुदा बदमाश पर शक जाहिर किया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आज इंदौर से किशोरी को दस्तयाब कर, परिजनों के सुपुर्द कर दिया तो वहीं निगरानीशुदा बदमाश को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लाबालिग थाना क्षेत्र की निवासी है। जो 16 जुलाई 2021 को घर से बिना बताए चली गयी थी। परिजनों ने किशोरी के अपहरण की शिकायत थाने में दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर तंत्र का एलर्ट कर, जांच में जुटी रही। कल पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि अपहृत किशोरी को निगरानीशुदा बदमाश गन्नी उर्फ गनेश बैन पिता दिलीप बैन निवासी शीतलपुरी चेरीताल से इंदौर ले गया है और उसके साथ रह रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर इंदौर से किशोरी को दस्तयाब कर, परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

शादी का झांसा देकर फंसाया

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी काफी समय से किशोरी से परिचित था और उसे शादी का झांसा देकर फंसाया और अपहृत कर इंदौर भगा ले गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जहरीली शराब :ग्राहक का कर रहा था इंतजार

जबलपुर। थाना पनागर अंतर्गत पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर एक शराब तस्कर से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। तस्कर ग्राहक का इंतिजार कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने दबोच लिया। पनागर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डोंगरा बडेरा नहर के पास ग्राम बिसैंधी का शारदा उर्फ छोटू केवट नाम का व्यक्ति नीले रंग की शर्ट पहने, 4 प्लास्टिक के डिब्बों में अवैध कच्ची शराब रखे बैठा है। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर शारदा उर्फ छोटू केवट उम्र 26 वष्र निवासी ग्राम विसैंधी पनागर को गिरफ्तार कर 60 लीटर कच्ची शराब जब्त करते हुये कार्रवाई की गई।

एल्गिन में एफेरेसिस मशीन का शुभारंभ

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भेंट की थी मशीन

जबलपुर, यशभारत। एल्गिन अस्पताल में एफेरेसिस मशीन का शुभारंभ किया गया है। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने बीते दिन 27 लाख की कीमती मशीन एल्गिन अस्पताल प्रबंधन को भेंट की थी। मशीन से हीमोफीलिया, डेंगू, कैंसर व हेमोलायटिक जॉन्डिस से पीड़ित मरीजों को काफी लाभ पहुंचेगा। एफेरेसिस मशीन के आने से एक यूनिट ब्लड से कई गुना अधिक प्लेटलेट्स बनाया जा सकेगा। मशीन के जरिये रक्तदाता का रेड ब्लड सेल (आरबीसी) को तत्क्षण उसके शरीर में चढ़ा दिया जाएगा। ऐसा करने से वह पुन- एक सप्ताह बाद प्लाज्मा या प्लेटलेट्स दान करने में सक्षम हो जाएगा।

एसपी ने लिया ईद-उल-जुहा पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा

जबलपुर। आज पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा ने शहर में भ्रमण कर ईद-उल-जुहा पर्व पर लगायी गयी पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये बड़ी ओमती चौक मस्जिद के पास रूककर व्यवस्था मे लगे नगर पुलिस अधीक्षक ओमती आर.डी. भारद्वाज एवं अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा की तथा अच्छी ड्यूटी के लिए सभी को बधाई दी।

गमछा से शव को घसीट कर 200 मीटर दूर छुपाया

शराब विवाद को लेकर की युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर यश भारत। मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेगई ग्राम में एक 22 वर्षीय युवक हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने शराब के नशे में धुत होकर युवक की गला घोंट कर हत्या कर दी थी और वारदात को अंजाम देने के बाद घर में आकर सो गया था घटना के दूसरे दिन रात में आरोपी फिर से वही पहुंचा जहां पर मृतक पडा हुआ था। देर रात उसने मृतक की पैंट एवं गमछा से शव को बांधकर उसे घसीटते हुआ 200 मीटर की दूरी तक ले जाकर वन विभाग के प्लांटेशन के पास बने एक खंडहर में छुपा दिया था। घटनास्थल से एवं परिजनों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी पर अपना शिकंजा कसा और उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की, उक्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं सिहोरा एसडीओपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के नेतृत्व में मझौली थाना प्रभारी प्रभात शुक्ला इंद्राना चौकी प्रभारी एलएस झारिया आरक्षक सोमदीप पटेल एवं आरक्षक अभिषेक द्वारा की गई।

इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेगई ग्राम का रहने वाला 22 वर्षीय दिनेश कोल प्रताप बसूरी लाल कोल रविवार की रात में अपने तीन अन्य साथियों के साथ ग्राम की मरघटाई के पास बनी पानी की टंकी के चबूतरे पर बैठकर शराब पी रहे थे। गांव का रहने वाला 22 वर्षीय शेखू उर्फ शेखर पिता अशोक कोल ने भी जमकर शराब पी और इसी दौरान शेखू , दिनेश से गाली गलौज करने लगा। जिस पर उसने विरोध किया। विरोध करने पर शेख उर्फ शेखर ने दिनेश का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह घर आ गया। घटना के दूसरे दिन सोमवार की रात आरोपी को भी इस घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही वह सोमवार की रात घटनास्थल पहुंचे, जहां पर दिनेश की लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसने मृतक का पेंट एवं गमछा निकालकर उसको बांधा और वह उसे घटनास्थल से 200 मीटर तक घसीटते हुए ले जाकर वन विभाग के प्लांटेशन के पास एक खंडहर नुमा मकान में फेंक दिया था। पुलिस को घटनास्थल पर मिले साक्ष्य एवं पीड़ित पक्ष से पूछताछ करने के बाद मिले तमाम सबूतों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

चरगवां कुआं में उतराती मिली वृद्धा की लाश

ग्रामीणों ने गहरे कुएं में उतरकर चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, नहीं बचा सके जान

जबलपुर। थाना चरगवां अंतर्गत एक वृद्ध की कुआं उतराती लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। जिसके बाद आनन-फानन में वृद्धा को ग्रामीणों ने कुआं से बाहर रेस्क्यू किया, लेकिन तब तक वृद्धा की दिल की धड़कन थम चुकी थीं। हादसे के दौरान वृद्धा अकेली घर में थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार रम्मू सिंह गौड़ उम्र 25 वर्ष निवासी सालीवाड़ा ने सूचना दी कि उसकी नानी श्रीमती रेवती बाई गोंड़ उम्र 75 वर्ष निवासी सालीवाड़ा घर के पीछे टहल रही थी वह अपने खिरका वाले खेत चला गया था। नानी घर पर अकेली थीं। शाम लगभग 5.30 बजे घर वापस आया और बाल्टी उठाकर घर के पीछे बने कुआं में पानी भरने गया तो नानी रेवती बाई कुआं के पानी में दिखी। जिसके बाद उसने तत्काल गांव के सरपंच मनीराम चड़ार एवं अन्य लोगों को बताया एवं नानी रेवती बाई को कुआं के पानी से बाहर निकाला। नानी की मृत्यु पानी में डूब जाने से हो चुकी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

पनागर में विक्षिप्त महिला को भारी वाहन ने रौंदा

हाइवे में मच गई चीख-पुकार, फर्राटा भरकर भागा वाहन चालक

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत हाइवे पर आज एक मानसिक रुप से विक्षिप्त महिला को भारी वाहन रौंदता हुआ फर्राटा भरकर निकल गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते महिला की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद रोड के दोनों तरफ चीख-पुकार मच गयी। घटना स्थल पर राहगीरों का भारी जमावड़ा लग गया। सड़क हादसे की खबर रोड से लगे ढाबा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लेते हुए अज्ञात भारी वाहन चालक आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पनागर हाइवे पर मातश्री ढाबा के नजदीक एक विक्षिप्त महिला घूम रही थी और हाथ हिलाकर लोगों से कुछ खाने के लिए मांग रही थी। तभी एक आज सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन निकला और महिला को रौंद दिया। जिसके बाद चीख-पुकार मच गयी, लेकिन एक पल में ही वाहन चालक तेजी के साथ आंखों से ओछल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं फरार वाहन चालक अज्ञात आरोपी की पुलिस तलाश में जुटी है।

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र)
फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत् प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
9926812233, ई-मेलः yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)